Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 304 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 27 मई 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अपरिग्रह वृत्ति ही हमारी सबसे बड़ी सम्पत्ति है।

Abstinece from infatuation is our greatest wealth of the soul.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### एनआईए ने सीआरपीएफ जवान को किया गिरफ्तार, पाकिस्तान भेजे भारत के सीक्रेट्स

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के बाद अब नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने दिल्ली से एक सीआरपीएफ जवान को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार वह पाकिस्तान को देश से जुड़ी संवेदनशील जानकारी भेजता था। एनआईए ने सीआरपीएफ जवान से पूछताछ शुरू कर दी है। वह सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव के संपर्क में आया था। रिपोर्ट के मुताबिक जवान ने सोशल मीडिया के जरिए ही देश से जुड़ी खुफिया जानकारी भेजनी शुरू कर दी थी। उसे इसके बदले पैसे भी मिले थे।

### पुलिस मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मनीष यादव ढेर

**लातेहार (एजेंसी)।** झारखंड के लातेहार में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। लातेहार पुलिस ने 5 लाख रुपए के इनामी नक्सली मनीष यादव को मार गिराया है। इसके अलावा, 10 लाख रुपए के इनामी नक्सली कुंदन खेरवार को भी गिरफ्तार किया है। यह मुठभेड़ महुआडांड़ थाना क्षेत्र के करमखाड़ और दौना के बीच हुई। जानकारी के अनुसार, लातेहार पुलिस को सूचना मिली थी कि नक्सली मनीष यादव अपने दस्ते के साथ महुआडांड़ थाना क्षेत्र के दौना और करमखाड़ के बीच जंगल में मौजूद है।

## रायपुर में जल्द स्थापित होगा देश का प्रमुख AI डेटा सेंटर

### ESDS करेगी 600 करोड़ रुपये का निवेश



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ देश के डिजिटल परिदृश्य में बड़ा कदम रखने जा रहा है। रायपुर में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए टेक्नोलॉजी कंपनी ESDS Software Solution Ltd ने 600 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री से नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुलाकात के दौरान कंपनी के चेयरमैन श्री पीयूष सोमानी और उपाध्यक्ष श्री लोकेश शर्मा ने कहा कि यह सेंटर न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे भारत के डिजिटल भविष्य को गति देगा। इस प्रस्ताव के माध्यम से छत्तीसगढ़ को AI, क्लाउड टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल स्टोरेज के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में ठोस पहल होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया की भावना को छत्तीसगढ़ में धरातल पर उतारने के लिए यह निवेश मील का पत्थर साबित होगा। सरकार हरसंभव सहायता देगी ताकि यह परियोजना जल्द से जल्द मूर्तरूप ले।

ESDS की यह पहल छत्तीसगढ़ को एक टेक्नोलॉजी हब बनाने के साथ-साथ युवाओं के लिए उच्च स्तरीय रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। यह सेंटर राज्य के IT इकोसिस्टम को मजबूती देगा और डिजिटल आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित थी ।

## देश के सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर अब बनेंगे रायपुर में

### 300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्ताव

### छत्तीसगढ़ से होगा अब पूरे देश को ट्रांसफॉर्मर सप्लाई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ एक और बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। देश की प्रतिष्ठित कंपनी करमवीर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने रायपुर में अत्याधुनिक ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस इकाई में 300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ का नाम देश के सबसे बड़े ट्रांसफॉर्मर निर्माण केंद्रों में शामिल हो जाएगा। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विवेक जैन ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ सदन, नई दिल्ली में मुलाकात की। बैठक में प्रस्तावित परियोजना की रूपरेखा, निवेश संभावनाएं और रोजगार सृजन के आयामों पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री जैन ने बताया कि यह यूनिट तकनीकी दृष्टि से देश की सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई होगी, जो भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र की ज़रूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निवेश प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़, विकसित भारत 2047 के निर्माण में एक मजबूत स्तंभ बने। यह निवेश सिर्फ एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है। राज्य सरकार इस परियोजना को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। यह परियोजना राज्य में बिजली क्षेत्र के आधुनिकीकरण, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, और उद्योग आधारित विकास को गति देगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दाहोद में 24,000 करोड़ की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया

### पीएम मोदी की चेतावनी- अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय



**दाहोद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दाहोद में करीब 24,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने वेरावल और अहमदाबाद के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस और वलसाड और दाहोद स्टेशनों के बीच एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित भी किया।


पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र मां भारती की, मानवता की रक्षा के लिए हमारे तप और त्याग को दर्शाता है। सोचिए, जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कुछ किया, क्या भारत चुप बैठ सकता है? क्या मोदी चुप बैठ सकता है? अगर कोई हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाएगा, तो उसका भी मिटना तय हो जाता है। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं है। ये हम भारतीयों के संस्कारों और हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति है। आतंकवादियों ने 140 करोड़ भारतीयों को चुनौती दी थी। इसलिए मोदी ने वही किया, जिसके लिए देशवासियों ने मुझे प्रधान सेवक की जिम्मेदारी दी है। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी ने अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और हमारे शूरवीरों ने वो कर दिखाया, जो दुनिया ने पिछले कई दशकों से नहीं देखा था। हमने सीमापार चल रहे 9 आतंकी ठिकानों को ढूंढ निकाला और 22 तारीख को उन्होंने जो खेल खेला था, 6 तारीख की रात को 22 मिनट में हमने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। भारत की इस कार्रवाई से बौखलाकर जब पाकिस्तानी सेना ने दुस्साहस दिखाया, तो हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी धूल चटा दी।

उन्होंने कहा कि विभाजन के बाद नए-नए बने देश का एक ही लक्ष्य था- भारत से नफरत करना और हमारी प्रगति को रोकने की कोशिश करना, लेकिन हमारा एक ही लक्ष्य है- आगे बढ़ते रहना, गरीबी को खत्म करना और विकसित भारत का निर्माण करना।

## भारत में कोविड-19 के एक्टिव मरीजों की संख्या 1000 के पार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या 1000 पार कर गई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में फिर से कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। राजधानी में पिछले एक सप्ताह में कोरोना के 99 मामले आए हैं। इस दौरान 24 मरीज ठीक हुए हैं और अभी 104 सक्रिय मरीज हैं। इसमें केरल राज्य में सबसे ज्यादा मरीजों की संख्या 430 है। केरल से लेकर कर्नाटक तक और महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक कोरोना के नए आंकड़े अब डराने लगे हैं। देश में एक बार फिर कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

## मोदी सरकार में 1.35 लाख करोड़ हुआ स्वास्थ्य बजट, 23 एम्स को मिली मंजूरी : अमित शाह



**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को जबरदस्त मजबूती मिली है। उन्होंने सरकार के प्रयासों में निजी संस्थानों के योगदान की भी सराहना की। अमित शाह नागपुर के राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में 'स्वास्ति निवास' की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। स्वास्ति निवास कैंसर मरीजों और उनके देखभाल करने वालों के लिए सुविधा प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत 60 करोड़ गरीबों को सालाना 5 लाख रुपये तक का निशुल्क उपचार मिल रहा है। अमित शाह ने कहा, आज देश में 23 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को मंजूरी मिल चुकी है, जबकि आजादी के बाद से 2014 तक केवल 7 एम्स बने थे। उन्होंने कहा, मनमोहन सिंह सरकार के दौरान स्वास्थ्य बजट 37,000 करोड़ रुपये था, जबकि अब मोदी सरकार में यह 1.35 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

## सुशासन तिहार में गहराते पेयजल संकट पर पार्षदों ने जताई चिंता, जोन 5 और 6 के लिए हुआ शिविर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नगर निगम द्वारा सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त मांगों एवं शिकायतों के निराकरण के लिए जोन वार शिविर लगाया जा रहा है। जोन क्रमांक 5 के लिए महाराष्ट्रियन तेली समाज अश्वनी नगर में आयोजित शिविर में महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड लाखेनगर, ठाकुर प्यारेलाल वार्ड एवं भक्तामाता कर्मा वार्ड के पार्षदों ने भाग लिया। इसमें पेयजल संकट सहित अन्य मुद्दों को उठाया।

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 5 व 6 के आयोजित शिविर की तिथि अपिहार्य कारणों स्थागित कर दी गई थी, जिसे आज आयोजित किया गया। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त श्री विश्वदीप के मार्गनिर्देशन में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत 5 मई से 31 मई के अंतर्गत समाधान शिविर लगाकर सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण आवेदकगणों को उनके आवेदन पर की गयी समाधान की कार्यवाही की जानकारी देने और विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की हितग्राहियों को जानकारी देने का जोनवार जारी है, ताकि पात्र हितग्राहीगण केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न लाभदायक योजनाओं से सहजता और सरलता से वांछित तौर पर पूर्ण लाभान्वित किये जा सकें. इसके अंतर्गत सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा जोनवार सभी 10 जोनों में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसके अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक जोन 5 के तहत 26 मई को महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन अश्वनी नगर सुन्दर नगर (सुबह 10 से 3 बजे तक), जोन 6 के तहत 26 मई को शहीद संजय यादव उच्चतर माध्यमिक शाला संजय नगर टिकरापारा (सुबह 10 से संध्या 4 बजे तक), जोन 8 के तहत 27 मई को सामुदायिक भवन भारत माता स्कूल के सामने टाटीबंध, जोन 9 के तहत 28 मई को नवनिर्मित गारमेंट फैक्ट्री के भीतर मोवा रायपुर, जोन 10 के तहत 30 मई को सामुदायिक भवन गुरुद्वारा देवपुरी में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया है।

## भारत स्काउट्स गाइड्स के अलंकरण समारोह में शामिल हुए राज्यपाल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में आज राजभवन में स्काउट्स और गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राज्यपाल श्री डेका ने राज्य के सर्वश्रेष्ठ स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर, एवं स्काउट-गाइड को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को देखते हुए प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। स्काउट्स एवं गाइड्स को इसमें अपना सक्रिय योगदान देना होगा। उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम पर लगाने और दोस्तों एवं परिजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने की बात कही। श्री डेका ने सम्मान प्राप्त होने पर स्काउट्स एवं गाइड्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स अपने आदर्श वाक्य ''तैयार हों'' के अनुरूप हमेशा अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी के साथ देश और समाज की मदद हेतु तत्पर रहते हैं। देश के युवाओं को अच्छे नागरिक बनने, आत्मनिर्माण करने और सेवा कार्य हेतु सदा तैयार रहने की प्रेरणा देते हैं।


# शोक संदेश



## स्व. श्रीमती माया गोइल

आप सदा हमारे विचारों में, स्मृति में जीवंत रहेंगे ...
माँ के रुप में, संस्कारों की सरिता के रुप में और हमारे जीवन की अनमोल धरोहर के रुप में।
हमारे असाता वेदनीय कर्म के उदय से
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारी पूज्य माता जी **स्व. श्रीमती माया गोइल**
धर्मपत्नी स्व. श्री रवि गोइल का देह परिवर्तन बुधवार दि. 14/05/2025
को हो गया। उनकी आत्मशांति की प्रार्थना हेतु
तेरहवीं एवं श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजित है।

**श्रद्धांजलि, शोक सभा एवं शांति भोज**
मंगलवार दि. 27/05/2025
प्रातः 10:30 बजे से 2:00 बजे तक
स्थान : श्री जैन दादाबाड़ी, एम. जी. रोड,रायपुर

कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

**- शोकाकुल परिवार -**
श्री अशोक कुमार गोइल (देवर), श्री राजीव, संजीव, अमित गोइल (पुत्र)
श्री नीरज गोइल (भतीजा), संस्कार, सम्यक, संयम, स्वरित, सात्विक (पौत्र)
एवं समस्त गोइल परिवार
Mob. : 9302730303, 8770871226, 9424224257


## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने स्वर्गीय श्रीरामजीलाल जी अग्रवाल को अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि





**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल के पूज्य पिताश्री स्वर्गीय श्रीरामजीलाल जी अग्रवाल के प्रति आज अनेक वरिष्ठ नेताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि व्यक्त की।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय रामजी वाटिका स्थित सांसद बृजमोहन अग्रवाल के निवास पर पहुंचे और स्वर्गीय श्रीरामजीलाल जी अग्रवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकसंतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। इसके अलावा सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक प्रबोध मिंज, राजेश मूणत, श्री गजेंद्र यादव राजेश अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, धमतरी महापौर रामू रोहरा, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक नारायण चंदेल, शिवरतन शर्मा, विधान मिश्रा समेत गणमान्यजनों ने भी श्रीरामजीलाल जी अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री एवं सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मेरे पिताजी केवल मेरे मार्गदर्शक नहीं थे, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत थे। उनका संपूर्ण जीवन सेवा, सादगी और संस्कारों का प्रतीक रहा है। आज जब हमारे जीवन में शोक की यह घड़ी है, तब आप सभी का स्नेह, साथ और संवेदनाएं हमारे परिवार को संबल प्रदान कर रही हैं। जिसके लिए मैं हृदय से कृतज्ञ हूं।

उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय श्रीरामजीलाल जी अग्रवाल सामाजिक सरोकारों से गहराई से जुड़े हुए एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व थे। उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 29 मई को, 1394 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** छतीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 29 मई 2025 को किया जा रहा है। जिले में परीक्षा आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 4 केंद्र बनाए गये है जिसमें 1394 परीक्षार्थी शामिल होंगे। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी अरुण कुमार सोनकर ने बताया कि बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 29 मई 2025 को प्रथम पाली में प्रात: 10 बजे से अपरान्ह 12:15बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केंद्र शासकीय डी.के.महाविद्यालय बलौदाबाजार में 480 परीक्षार्थी, शासकीय मिनी माता कन्या महाविद्यालय में 300, पंडित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय बलौदाबाजार में 360, एवं पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बलौदाबाजार में 254 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### डुंडेरा में सुशासन शिविर का समापन : सरकार जनता की है, इसलिए उनकी समस्याओं को सुनने उनके पास आई है- विधायक ललित



**रिसाली ( विश्व परिवार )।** प्रदेश की विष्णू सरकार जनता के लिए समर्पित है। यह सरकार जनता की है। सरकार की मंशा है कि हर कार्य पारदर्शिता से हो। जनता की मांग और शिकायत का निराकरण सही समय पर हो इसलिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा आयोजित सुशासन शिविर में उक्त बाते दुर्ग ग्रामीण विधायक व केन्द्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त ललित चंद्राकर ने कही। दुर्ग विधायक ललित चंद्राकर ने शिविर में कहा कि वे जनता के सेवक है। उन्हे आम नागरिकों ने चुनकर भेजा है। ऐसे में उनका दायित्व है कि वे जनता के लिए समर्पित रहे। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों से भी कहा कि वे जनता के लिए अपना व्यवहार नरम रखे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद खिलेंद्र चंद्राकर, रोहित धनकर, हरिश्चन्द्र नायक, व मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के आरंभ में आयुक्त मोनिका वर्मा ने शिविर के उद्देश्यों और नागरिकों की समस्याओं व मांगों पर प्रकाश डाला। **हितग्राहियों से मिले जनप्रतिनिधि**-दुर्ग ग्रामीण विधायक व महापौर ने शिविर में लाभान्वित हितग्राही से मुलाकात की। गोदभराई रस्म में शामिल हुए। हितग्राही देव कुमारी, रोशनी बाघ, खेमीन, जागृति देवांगन शामिल थी। वहीं सुपोषण टोकरी जीयांश, तोषित, तुषार साहू, आदित्य टंडन को देकर परिजनों से मुलाकात की।

### फर्जी बीपीएल प्रमाण पत्र धारियों के विरूद्ध निगम ने कराया पुलिस थाने में एफ.आई.आर.



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2007-08 का गरीबी रेखा सत्यापन प्रमाण पत्र के आधार पर पालको द्वारा अपने बच्चों का बड़े स्कूल में शिक्षा के अधिकार के तहत दाखिला करवा रहे है। इससे उन्हे नियमानुसार छूट की सुविधा प्राप्त होती है। जिसके माध्यम से नर्सरी से लेकर बारहवीं तक नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है। कुछ अविभावक जो गरीबी रेखा में नहीं है, उनके द्वारा कुट रचित कृत करके दुसरे के बीपीएल सर्वे सूची क्रमांक पर अपना नाम दर्ज करके स्कूलों में पेश किया जा रहा है। उसके आधार पर बच्चों को दाखिला मिल जा रहा है। इसी प्रकार के कुछ प्रकरण संज्ञान में आया, जॉच करने पर पता चला कि नगर निगम भिलाई द्वारा बीपीएल प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। वह गलत ढंग से बनाकर स्कूलों में प्रस्तुत किया गया है। बीपीएल सर्वे सूची सत्यापन के लिंक में जाने पर वहां दुसरे व्यक्ति का नाम दिखा रहा है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी द्वारा सुपेला एवं स्मृति नगर थाने में जाकर प्राथमिकी दर्ज करायी गई।

## विधायक देवेंद्र ने बीएसपी टाउनशिप सीजीएम संग की बैठक, जनता की समस्याओं पर जताई चिंता



### मौसमी बीमारियों के लिए तैयारी करने की कही बात, डेंगू मलेरिया से रोकथाम की हो पूरी तैयारी

**भिलाई ( विश्व परिवार )।** क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र यादव ने आज बीएसपी के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र की जनता को मिल रही मूलभूत सुविधाओं की कमी पर चर्चा करना और जल्द समाधान निकालना था।

विधायक ने बैठक में खासतौर पर बार-बार बिजली गुल होने की समस्या को प्रमुखता से उठाया।

उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि गर्मी के इस मौसम में जब बिजली की सबसे अधिक जरूरत होती है, ऐसे में लगातार कटौती से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ट्रांसफॉर्मर की स्थिति, ओवरलोडिंग और लाइन फॉल्ट की नियमित निगरानी करें और समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

इसके अलावा, विधायक देवेंद्र यादव ने आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बारिश से पहले नालों की समय पर सफाई न होने के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे स्थानीय लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। उन्होंने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि नालों की सफाई कार्य जल्द से जल्द पूरा हो और कहीं भी अवरोध न रहे।

विकास कार्यों को लेकर भी विधायक ने चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि कई जरूरी विकास योजनाएं सिर्फ NOC (अनापत्ति प्रमाण पत्र) न मिलने के कारण अधर में लटकी हैं। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे जल्द से जल्द सभी रुके हुए प्रोजेक्ट्स के लिए NOC जारी करें ताकि क्षेत्र में विकास की गति बनी रहे।

बैठक में विधायक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिया है कि जनता ने हमें उनके हितों की रक्षा के लिए चुना है। हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें और उन्हें बेहतर जीवन देने के लिए काम करें। बैठक में बीएसपी के सीजीएम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सबसे पहले सांसद प्रतिनिधि ने कराया टैक्स का पुनर्धारण, टैक्स की राशि 1154 अधिक

### रिसाली के प्रत्येक मकानो और दुकानों को नापेंगे कर्मचारी



**रिसाली ( विश्व परिवार )।** रिसाली निगम के 40 वार्डो में बने मकान और दुकानों का पुन: कर निर्धारण किया जा रहा है। अधिक क्षेत्रफल में निर्माण कार्य कर टैक्स की राशि में बचत करने वालों से अंतर की राशि जमा कराई जाएगी। इसकी शुरुआत मैत्रीनगर निवासी सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर से की गई है। निगम ने शीघ्र अंतर की राशि 1154 रुपए जमा करने निर्देश दिए है।

निगम के इस अभियान में सांसद प्रतिनिधि दीपक और उनकी पार्षद पत्नी सुन्दा चंद्राकर ने सहयोग किया। पहले पुराने कर निर्धारण की प्रति उपलब्ध कराते, अधिकारियों को निष्पक्ष रूप से नाप जोक करने अनुरोध किया। गणना में निर्माण कार्य 66 वर्ग फीट अधिक पाया गया। पूर्व में 1582 वर्ग फीट का टैक्स निर्धारण हुआ था। यह राशि 1154 रुपए कम थी।

**तीन माह में कार्य पूर्ण करने निर्देश**-आयुक्त मोनिका वर्मा ने संपत्ति कर विभाग को निर्देश दी है कि वे निगम के 40 वार्डो में टैक्स पुन: निर्धारण कार्य तीन माह में पूरा करे। मकान व दुकान मालिकों को अंतर की राशि के बारे में विस्तार से बताए। टैक्स पुनर्धारण में रोडा करने वालों से सख्ती से पेश आए।

**जानकारी छिपाने पर करवाई**-कई ऐसे है जिन्होंने अपने घर में दुकान का निर्माण कर व्यवसाय कर रहे है। या फिर घर को किराया में दिया है। घर में हॉस्टल भी संचालित है। जितने क्षेत्रफल से मकान मालिक व्यवसायिक उपयोग या किराया देकर लाभ अर्जित कर रहा है निगम उसका टैक्स व्यवसायिक निर्धारण करेंगे। जानकारी छिपाने पर एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।

**नल कनेक्शन है कि नहीं**-आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दी है कि सर्वे कार्य करने वाले कर्मचारी नल कनेक्शन की भी जानकारी ले। नल कनेक्शन होने पर इस बात की पुष्टि करे कि वह व्यक्ति जल कर जमा कर रहा है कि नहीं।

**अधिकारी इन बिंदु पर कर रहे सर्वे**-मकान या दुकान कब से बना है। निर्माण हुए मकान या दुकान का वास्तविक टैक्स जमा हो रहा है कि नहीं। मकान व्यवसायिक उपयोग में तो नहीं।

## मकान बनाने से पूर्व सीवरेज, वर्षा जल निकासी की व्यवस्था देखकर ही निर्माण करें : आयुक्त



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में बहुत से ऐसे क्षेत्र है, जहां पर बरसात के समय जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय नियमित भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को लेकर मॉडल टाउन उड़िया बस्ती, पंडित दिनदयाल उपाध्याय आवासीय कालोनी, पुष्पक नगर, आनंद नगर, कोसा नगर, रैश्ने आवास, कैलाश नगर, आर्य नगर कोहका, साकेत नगर, कृष्णा ग्रैण्ड सिटी, आनंद पुरम का अंदर का भाग आदि क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां पर नालों एवं नालियों का सफाई किया जा रहा है। मूल रूप से इन स्थानों पर यह समस्या आ रही है कि ज्यादातर प्राईवेट कालोनिया डवलप हो गई है। जहां पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक सेवक, पुलिस विभाग, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता एवं व्यापारीगणों के बड़े-बड़े मकान बन गये है, लेकिन वहां पर सीवरेज पानी एवं बरसात के पानी का पर्याप्त निकासी की व्यवस्था नहीं की गई है। भू-माफियाओं के संपर्क में आकर बड़े-बड़े प्लाट लेकर करोड़ो का मकान एवं फ्लैट बनया गया है। शुरू में कच्ची एवं पक्की नाली बनाकर दुसरे के प्लाट में पानी गिरा दिया जाता है। यही क्रम बढ़ रहा है और अंत में जाकर जो निचली बस्ती है, वहां पर पानी का दबाव बढ़ते जा रहा है। कही-कहीं पर ऐसी भी स्थिति है, जहां पुरा का पुरा नाली एवं सड़क ब्लाक हो गया है। वहां पर बड़े मकान बन गए है, जल निकासी हो तो कहां से हो।

नगर निगम भिलाई द्वारा लोगो के मांग पर जहां तक हो सकता है नाली का निर्माण कर दिया गया है। लेकिन बड़े नाले से जोड़ने के लिए सामने बड़े-बड़े लोगो का मकान आ जाता है, नाली जाए तो कैसे जाए। इस समस्या का सामना स्थानीय निवासियों के साथ-साथ वार्ड पार्षद एवं नगर निगम भी कर रहा है। वर्तमान में नाली एवं नालो की सफाई गैंग लगाकर कराई जा रही है। आयुक्त ने निर्देश दिया है कि जो भी कचरा नाली से निकलता है, उसे उसी दिन हटा दिया जाए। जिससे बारिश होने पर वह कचरा पुन: नाली में न जाए।

## इंदिरा मार्केट के सभी दुकानों को रात्रि सड़क पर कचरा फेंकने पर नोटिस जारी के साथ जुर्माना की कार्रवाही होगी : महापौर

### नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** आज नगर पालिक निगम दुर्ग के महापौर परिषद की बैठक डाटा सेंटर के सभागार में महापौर श्रीमती अलका बाघमार की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में बिन्दुवार 07 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया।

महापौर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निगम के आयुक्त सुमित अग्रवाल एमआईसी सदस्य और अधिकारियों/ कर्मचारियो ने विस्तार से इस प्रस्ताव पर चर्चा की।जिसमें प्रमुख रूप से बारिश के पहले पुलगांव नाला में दो तरफ गैंग लगवाकर बेहतर सफाई करवाए, नगर निगम परिसर वाहन शाखा गैरेज में गाड़ियों के रखरखाव के लिए टीन सेट एवं सीमेंटीकरण निर्माण के निर्देश। विद्युत विभाग औधोगिक नगर, दक्षिण जवाहर नगर सोमनाथ मंदिर गार्डन व देशमुख के सामने गार्डन में 14 नग पुराने ट्यूबलर पोल व वार्ड 2 राजीव नगर में 2 पोल और वार्ड 3 मठपारा 3 पोल लगवाने को स्वीकृति मिली है।

स्वास्थ्य विभाग नगर पालिक निगम, दुर्ग सीमाक्षेत्र के अंतर्गत बाढ़ आपदा नियंत्रण हेतु कुल 60 वार्डो में 89 दिवस हेतु (01 मई 2025 से प्रारंभ) प्रभावशील सहायक श्रमायुक्त की दर पर अस्थायी रूप से 45 अतिरिक्त कर्मचारी 45 दिन के लिए रखे जाने हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव को पारित किया गया।बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा संचालित निविदा आमंत्रण, शिफा स्व सहायता समूह पँचशील नगर नया पारा को 3 वर्ष के लिए दिये जाने हेतु पारित। महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कि इदिरा मार्केट के सभी दुकानों को रात्रिकालीन दुकान बंद करते वक्त सड़क पर अपना कचरा फेंकने देते है उनको नोटिस जारी के साथ जुर्माना की कार्रवाही करने की बात कही। सुभाष स्कूल प्राथमिक शाला दुकान क्रमांक 6 एवं राजेन्द्र प्रसाद पार्क शॉपिंग कॉम्प्लेक्स दुकान क्रमांक 8 एवं 14 का लीज नवीनीकरण 25त्न वृद्धि के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया। निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत अवैध अतिक्रमण रोकने शासकीय भूमि पर जरूरत मन्दों को व्यवसाय करने हेतु गुमटी योजना के अंतर्गत चिन्हित जगह पर गुमटी बनाये जाने प्रस्ताव पारित किया गया है।

## अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में वार्ड-3 मठपारा में चलाया सफाई अभियान

### मठपारा क्षेत्र जल स्त्रोता तालाब, कुआ, नलकूप, हैण्डपंप, के आसपास व्यापक साफ-सफाई के साथ जीर्णोधार हेतु जनभागीदारी के साथ किया गया श्रमदान




**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम। अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में, नगर निगम ने शहर के तालाबों, नल और बोरों की सफाई का अभियान शुरू किया। अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर शहर के वार्ड 03 मठपारा में किया जाना है। इसी कड़ी में सोमवार सुबह क्षेत्र में विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया। 2 घंटे तक चले इस जल स्त्रोता तालाब, कुआ, नलकूप, हैण्डपंप, के आसपास व्यापक साफ-सफाई के साथ जीर्णोधार हेतु जनभागीदारी के साथ सामुहिक श्रमदान का आयोजन स्वच्छता अभियान में क्षेत्र सफाई किया गया। यह अभियान न केवल स्वच्छता सुनिश्चित करता है बल्कि सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता को भी बढ़ावा देता है।

शहर के महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों को जीवित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।यह अभियान अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। जो उनके योगदान और आदर्शों को याद रखने के लिए एक विशेष पहल है।सारथी पारा सहित क्षेत्र के लसगो को जरूरत पूरी हो जाने पर नल बंद करने की बात कही।उन्होंने कहा कि सभी अपने घर के नालों में टोटी अवश्य लगवाए पानी बेवजह बहने न दे।इस दौरान वित्त विभाग प्रभारी व पार्षद पार्षद नरेंद्र बंजारे, स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल, शशि साहू, नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेंद्र साहू, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, शोएब अहमद, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पंकज चंद्रवंशी, गौतम साहू, कुणाल, रामलाल भट्ट सहित अन्य मौजूद रहें। आज वार्ड क्रमांक 3 मठपारा क्षेत्र सारथी पारा गली न 2 सहित गली मोहल्ले और नाला, नालियों व तालाबो में सफाई अभियान किया गया। सफाई करके लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./21004/ न.पा.नि./जोन क्र.10/2025
रायपुर, दिनांक 23-05-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 21004
वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445R00137** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AJAY REALTIES पिता/पति, श्री/श्रीमती PVT. LTD. DIRECTOR RAJESH KUMAR AGRAWAL पिता/पति श्री / श्रीमती S/O SHRI JUGAL KISHOR AGRAWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती KALYANI VENTURES LTD. DWARA DIRECTOR TAPAS RANJAN PANIGRAHI पिता/पति श्री / श्रीमती S/O SHRI LALIT MOHAN PANIGRAHI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री विवेकानंद दुबे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी वीर-सावरकर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित Ch योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. Ch- 335. **श्रीमती कमलजीत कौर भामरा पति श्री बलदेव सिंह भामरा** को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय / एकमुश्त / ऑफर आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दिनांक 18/05/2005 को लीजडीड / सेलडीड / विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **श्री बलवीर सिंह श्री चहल, पिता महेन्दर सिंह चहल** के पक्ष में दिनांक 31/03/2011 को विक्रय कर दिया। तद्युपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन / भूखण्ड क्रेता **श्री बलवीर सिह चहल पिता श्री महेन्दर सिंह चहल** नामांतरण किया जाना है। के नाम पर अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्रकरण क्र. 75 दिनांक 26.05.2026
वार्ड का नाम- पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड
वार्ड क्र. 33 वर्ष- 2025-26

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन / भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 33 मांग पंजी क्र. 207 युआईडी 28281 अनुसार अधिभोगी का नाम श्री / श्रीमती सहसराम साहू / रामलाल साहू से दर्ज है, श्री / श्रीमती 1. कुन्ती बाई निषाद / मोहन लाल निषाद 2. अनिता निषाद / मोहन लाल निषाद अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री / लिखत, द्वारा /वंशानुक्रम / बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक़ या दावा रखते है, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर / अथवा दिनांक 25-06-2025 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा - आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा - आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी 7 दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी वीर-सावरकर नगर हरापुर रायपुर में में निर्मित Ch योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. Ch- 334. पिता **स. बलदेव सिंह पिता श्री हरनाम सिंह** स्वविित्तीय/भाड़ाक्रय / एकमुश्त / ऑफर आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दिनांक 19/05/2005 को लीजडीड / सेलडीड / विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **श्री बलवीर सिंह चहल, पिता महेन्दर सिंह चहल** के पक्ष में दिनांक 31/03/2011 को विक्रय कर दिया। तद्युपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन / भूखण्ड क्रेता **श्री बलवीर सिह चहल पिता श्री महेन्दर सिंह चहल** नामांतरण किया जाना है। के नाम पर अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./21002/ न.पा.नि./जोन क्र.10/2025
रायपुर, दिनांक 23-05-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 21002
वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445R00136** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती........ पिता/पति श्री / श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती KALYANI VENTURES LTD. DWARA DIRECTOR TAPAS RANJAN PANIGRAHI पिता/पति, श्री/श्रीमती S/O SHRI LALIT MOHAN PANIGARAHI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री विवेकानंद दुबे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./21003/ न.पा.नि./जोन क्र.10/2025
रायपुर, दिनांक 23-05-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 21003
वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 50 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445R00135** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AJAY REALTIES पिता/पति, श्री/श्रीमती PVT. LTD. DIRECTOR RAJESH KUMAR AGRAWAL पिता/पति श्री / श्रीमती S/O SHRI JUGAL KISHOR AGRAWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती KALYANI VENTURES LTD. DWARA DIRECTOR TAPAS RANJAN PANIGRAHI पिता/पति श्री / श्रीमती S/O SHRI LALIT MOHAN PANIGRAHI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री ी विवेकानंद दुबे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.), फोन नं. 0771 - 4222611, 4222612
ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

यत: बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी,जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अत: एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम /फोन नं. | उधारकर्ता/जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | जवाहर नगर शाखा, रायपुर 9109993971 | श्री लोकेश कुमार हुमने एवं श्रीमती विजेता हुमने, एलआईजी । - 857, आदित्य नगर, तितुरडीह हाउसिंग बोर्ड दुर्ग छ.ग.हा.बो. दुर्ग-491001 (छ.ग.) | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल मकान/प्लाट-एलआईजी- I/857 (खसरा नं. - 1/15 के तहत् निर्मित) क्षेत्रफल - 484.20 वर्गफीट स्थित मौजा- आदित्य नगर, तितुरडीह, हाउसिंग बोर्ड दुर्ग, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड दुर्ग, वार्ड नं. - 16, एनपीएन दुर्ग, तहसील एवं जिला - दुर्ग (छ.ग.) हैं जो श्रीमती विजेता हुमने के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर - एलआईजी 864, दक्षिण- रोड (निजी भूमि), पूर्व- एलआईजी 858, पश्चिम- एलआईजी 856. | 13.11.2024 रु. 23,60,419.00 + ब्याज + अन्य प्रभार 23.05.2025 भौतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.
दिनांक:27.05.2025, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

# समाज हित में कार्य करने के लिए कलार समाज को सदैव आगे रहना होगा : स्वास्थ्य मंत्री




**कोरबा ( विश्व परिवार )।** कलचुरी समाज की अपनी गौरवशाली इतिहास है, समाज ने देश व प्रदेश के विकास में अपना अतुलनीय योगदान दिया है। जायसवाल कलार समाज सदैव सर्वहित की बात करता रहा है और यह एक अच्छी सोच है। स्वजातीय बंधुओं को अपने संस्कृति और इतिहास पर गर्व करने के साथ-साथ भगवान सहस्त्रबाहु के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक हित में कार्य करने के लिए कलार समाज को सदैव आगे रहना होगा। प्रदेश के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण व चिकित्सा शिक्षा मामलों के मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कोरबा के मिशन रोड स्थित कलचुरी भवन में जायसवाल कलार समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खुशी होती है कि समाज जब भी आयोजन करता है व्यापक हित के मुद्दे सामने लाता है।

बीते महिनों कटघोरा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सम्मेलन के दौरान कटघोरा में 100 बिस्तर अस्पताल की मांग की। जिसे पूरा करने के साथ-साथ बजट में शामिल किया गया और इस पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया। श्रम, उद्योग व वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन ने संबोधित करते हुए कलार समाज के द्वारा दिए गए निरंतर सहयोग के लिए समाज का आभार जताते हुए कहा कि कलार समाज की ओर से जब भी किसी प्रकार की मांग पत्र सामने आई है उसे सहर्ष पूरा करने संकल्पित हूं। कलार समाज ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा समाज को दिए गए सौगात के लिए आभार जताया। महापौर संजूदेवी राजपूत ने समाज के द्वारा समय-समय पर किए जा रहे सामाजिक हित के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कलचुरी जायसवाल भवन में निर्धन कन्याओं के विवाह में निरंतर दिए जा रहे रियायत और सहयोग के लिए कलार समाज के कार्यों को सराहा है।

राष्ट्रीय कलचुरी राजवंश विकास एवं पुरातत्व शोध समिति के संयोजक कौन्तेय जायसवाल ने समाज के इतिहास और पुरातत्व के बारे में उपस्थित जनों को विस्तार से तथ्यात्मक और दस्तावेजी जानकारी के साथ अनेकोनेक बिन्दुओं पर अवगत कराया। कार्यक्रम को नगर पालिका कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल, नपं पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल, जिला पंचायत कोरबा के उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल, छत्तीसगढ़ हैहय क्षत्रिय कलचुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज राय, प्रगतिशील जायसवाल (कन्नौ.) कलार समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल ने भी संबोधित किया।

कोरबा जिले से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि पार्षद अनुज जायसवाल, भानुमति, चंद्रकली, सुनीता, दीपक डिक्सेना, उप सरपंच व पंच रमेश, अनुराग, रेखा रामू, विक्की, प्रियंका, हिमांशु, प्रियेश, सरस्वती, बीता जायसवाल, विकास डिक्सेना, अंकित राय, नरेन्द्र डिक्सेना सहित देवेश कुमार जायसवाल, मॉडल प्रिशिखा और खेल के क्षेत्र में दिशा जायसवाल को शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम से पहले भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा-अर्चना की गई।

### जल्द खुलेगा नर्सिंग कॉलेज

सर्ववर्गीय जायसवाल सभा के निर्वाचित प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह के दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने घोषणा करते हुए कहा कि कोरबा में जल्द ही सर्वसुविधायुक्त शासकीय नर्सिंग कॉलेज खोला जाएगा। मंत्री की घोषणा का उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया।

### दीक्षा जायसवाल का हुआ अभिनंदन

छत्तीसगढ़, हिन्दी और भोजपुरी फिल्मों की स्टार और छइया-भुइया-3 सहित दर्जनों छत्तीसगढ़ी फिल्म की अभिनेत्री दीक्षा जायसवाल का आयोजन के दौरान समाज की ओर से मंत्री द्वय के द्वारा अभिनंदन करते हुए छत्तीसगढ़ी फिल्मों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपेक्षा जताते हुए छत्तीसगढ़ का नाम देश में रौशन करने के लिए दीक्षा जायसवाल के अभिनय को सराहा।

# एसडीएम बकावंड और खनिज विभाग के जांच दल द्वारा गौण खनिज का अवैध परिवहन करने वाले 12 वाहनों पर प्रकरण दर्ज



**जगदलपुर( विश्व परिवार )।** कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार खनिज विभाग के जांच दल द्वारा 25 मई 2025 को बस्तर जिला अंतर्गत ग्राम माड़पाल, उपनपाल, लालबाग जगदलपुर कविआसना और 26 मई को ग्राम जामगुड़ा फरसागुड़ा एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बकावंड द्वारा 23 मई को ग्राम उलनार क्षेत्र का औचक निरीक्षण में अवैध रूप से गौण खनिज रेत,गि ?ट्टी, मुरूम का 12 वाहनों में अवैध परिवहन-उत्खनन करते पाये जाने पर परिवहनकर्ताओ और उत्खन्नकर्ता के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुये पुलिस वाहनों को अभिरक्षा में दी गई है।

खनि अधिकारी श्री शिखर चेरपा ने बताया कि 6 हाइवा वाहन व एक ट्रेक्टर वाहन से रेत का, दो हाइवा वाहन से चुना पत्थर और दो टीपर से मुरूम सहित एक जेसीबी से मुरूम उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया है। उपरोक्तानुसार सभी 12 वाहनों को खनिज मय जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में सौपते हुए वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बकावंड श्री ऋषिकेश तिवारी एवं जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनि अधिकारी श्री शिखर चेरपा, खनि निरीक्षक श्री मिदुल गुहा तथा खनि सिपाही श्री डिकेश्वर खरे, श्री सीताराम नेताम श्री पच्चीपन उपस्थित थे। उपरोक्त सभी प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 सहपठित खान एवं खनिज (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। पूर्व में भी विज्ञप्ति के माध्यम से जिले के खनिज ठेकेदारों, खनिज परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया था कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिजों का परिवहन करना दण्डनीय अपराध है। अवैध परिवहनकर्ता के विरुद्ध पुनः इसी प्रकार कृत्य करने पर खनिज विभाग द्वारा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# रेलवे के इंजीनियर की मौत, पिकनिक मनाने के दौरान डैम में डूबा



**बिलासपुर( विश्व परिवार )।** अपने दोस्तों संग पिकनिक मनाने गए रेलवे के जूनियर इंजीनियर की डैम में डूबने से मौत हो गई। सत्येंद्र सिंह कंवर रविवार को नहाते समय गहराई में समा गया था। एसडीआरएफकी टीम ने आज सुबह शव बरामद कर लिया है। रविवार देर शाम से लेकर रात तक पुलिस और स्ष्ठक्रस्न की टीम तलाश में जुटी रही। लेकिन, उसका पता नहीं चल सका था।

सोमवार सुबह जब पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची तो जूनियर इंजीनियर का शव पानी में तैरता मिला। सत्येंद्र सिंह कंवर (30) रेलवे के कंस्ट्रक्शन विभाग में जूनियर इंजीनियर था। वो मूलतः अंबिकापुर का रहने वाला था। रविवार को सत्येंद्र सिंह अपने पांच दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने कोटा के घोंघा जलाशय स्थित कोरी डैम गए थे। दोस्तों में तीन लड़के और दो लड़कियां भी थे। डैम के पास सत्येंद्र अपने दोस्तों के साथ मस्ती कर रहे थे। जिसके बाद दोपहर को डैम में नहाने के लिए उतरे। उसके दोस्तों ने पुलिस को बताया पहले सभी दोपहर में नहाकर वापस आ गए थे, जिसके बाद सत्येंद्र और कुछ दोस्त शाम को दोबारा नहाने के लिए डैम में उतरे। इस दौरान वह गहराई में समा गया। उसे डूबते देखकर साथियों ने शोर मचाया। एक साथी को तैरना आता है, जिस पर वह कुछ देर तक गहराई में तलाश करता रहा।

### कोरबा के 150 मेधावी विद्यार्थी नीट-जेईई कोचिंग के लिए रायपुर रवाना

**कोरबा।** कोरबा जिले के 150 मेधावी छात्र-छात्राएं आज नीट और जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तरीय परीक्षाओं की मुफ्त तैयारी के लिए बस से रायपुर रवाना किए गए। इस अवसर पर वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा, संघर्ष करने वालों को सफलता जरूर मिलती है, मेहनत कर जिले और माता-पिता का नाम रोशन करें।

यह आयोजन कलेक्टोरेट सभाकक्ष, कोरबा में हुआ, जहां जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफमद से चयनित विद्यार्थियों के लिए प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था एलेन, रायपुर में नीट और जेईई की निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। 10वीं कक्षा के 100 और 12वीं के 50 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया गया है।

इन विद्यार्थियों को शैक्षणिक शुल्क, भोजन, आवास और अन्य सुविधाएं मुफ्त प्रदान की जाएंगी।

# जगदलपुर को स्वच्छ बनाना है, हमने ठाना है- संजय

### श्रमदान कर शहर को कचरा मुक्त बनाएं



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर आज सुबह प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में सफाई अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान में सभी ने श्रमदान कर आसपास के स्थान को स्वच्छ व सुंदर बनाया। स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है, स्वच्छ जगदलपुर-सुंदर जगदलपुर, आमचो बस्तर-सुंदर बस्तर जैसे स्वच्छता संबंधी नारे भी स्वच्छता प्रेमियों ने लगाए।

इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे ने कहा जगदलपुर शहर को स्वच्छ बनाने के लिए हम सबको एकजुट होकर इस अभियान में शामिल होना चाहिए। श्रमदान कर हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बना सकते हैं। चिन्हित स्थानों पर सफाई अभियान चलाने के साथ ही शहर के वार्डों में भी सफाई अभियान आने वाले दिनों में चलाया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छता और सफाई के बारे में लोगों को जागरुक भी किया जाएगा। सभी वार्ड कचरा मुक्त हो यही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

ब्रेवरेज कारपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा सप्ताह में एक दिन हम सभी को श्रमदान करना है, जिससे कि शहर हमारा स्वच्छ हो और सुंदर बने। इस अभियान के माध्यम से हम सभी इसमें भाग लेकर दैनिक कार्यों में से कुछ घंटे निकाल कर स्वच्छता संबंधी कार्य स्वयं करें और लोगों को भी प्रेरित करें। 2 अक्टूबर 2014 को महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई थी। स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया था। यह एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है। जिसका मुख्य उद्देश्य गलियों, सड़कों तथा अधो संरचना को साफ सूथरा करना और कूड़ा साफ रखना है। सफाई अभियान में निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा,निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, राणा घोष, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर, पार्षद श्याम सुन्दर बघेल, रोशन सिसोदिया, गायत्री बघेल, ज्योस्टिस भवानी, अजय पाल सिंह जसवाल, डीके पराशर, रतन व्यास, राजीव निगम, बबला यादव, शशिनाथ पाठक, राजपाल कसेर,रितेश सिन्हा, अभिषेक तिवारी, रेखा सिंह, रोहित सिंह बैस, रोशन झा, नगर निगम के एमआईसी सदस्य, पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, स्वच्छता एंबेसडर्स, नगर निगम के आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

# लोगों की समस्या सुनने व निराकरण करने का माध्यम है समाधान शिविर : राजस्व मंत्री वर्मा



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव एवं शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में आज फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिजली में आयोजित समाधान शिविर में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए।

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने स्थानीय विधायक रोहित साहू के अनुरोध पर बाबा कुटिर धाम के लिए 30 लाख रूपये, मुक्तिधाम मार्ग के लिए 10 लाख रूपये, जिम निर्माण के लिए 5 लाख रूपये एवं तीन ब्लॉक में कबड्डी खिलाड़ियों के लिए मेट देने की घोषणा की। समाधान शिविर में मंत्री वर्मा ने ग्रामीण सेवा सहकारी समिति बोरसी बिजली एवं महिला स्व सहायता समूह भवन ग्राम पंचायत बिजली का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 हितग्राही को श्रवण यंत्र, 1 हितग्राही को व्हीलचेयर प्रदाय किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 महिलाओं की गोद भराई एवं 3 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 हितग्राही को मच्छरदानी एवं 6 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा 4 हितग्राही को मछली जाल और 1 आईसबाक्स, कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को धान बीज एवं दो किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के लिए प्रमाण पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। शिविर में 15 ग्राम पंचायतों के लोग शामिल हुए। कुल प्राप्त आवेदनों में 8821 मांग एवं 36 शिकायत से सम्बधित थे, जिनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण किया गया। राजस्व मंत्री वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार में आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री सहित मंत्री, अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों की समस्या सुन रहे है और समाधान भी कर रहे हैं। शिविर में अधिकारी प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही पात्रता अनुसार हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा पदभार ग्रहण करने बाद सौ दिन के भीतर जितने भी बडी घोषणाए की गई थी। उसे पूरा किया गया। उन्हेंने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं के सम्मान के लिए काम कर रही है। जिससे देश में महिलाओं का एक अलग सम्मान है। और प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर हुई है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में अनेक विकास कार्य कर रही है। इससे लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमारी सरकार ने सभी वायदे पूरे किये है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है, महतारी वंदन योजना से नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सुशासन के डेढ़ साल पूरे हो रहे हैं। सुशासन तिहार के तहत गांव गांव में ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल से शासन गांव-गांव में पहुंच रही है और ग्रामीणों की समस्याओं से सीधे संवाद किया जा रहा हैं। कई मांगों का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है वहीं कुछ मांगों का निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही की जाएगी। उन्होंनें राजस्व मंत्री वर्मा को बाबा कुटिर धाम, मुक्तिधाम मार्ग, जिम निर्माण, तीन ब्लॉक में कबड्डी मेट देने का अनुरोध किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम का अध्यक्ष चन्दूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत गौरीशंकर कश्यप, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, ग्राम पंचायत के सरपंच पदमा निषाद, कलेक्टर बी.एस. उइके, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मीडियाकर्मी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एक मां की आंसू स्वास्थ्य विभाग पर कलंक



**कोरबा ( विश्व परिवार )।** गरीबी से जूझ रही अमीषा धनवार को अपने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए न केवल एक साल तक सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने पड़े, बल्कि जब प्रमाण पत्र में त्रुटि सामने आई, तो सुधार के लिए उसे 500 रुपए की रिश्वत का इंतजाम करना पड़ा। अमीषा के पास कोई नियमित आमदनी नहीं है। वह अपने परिवार का गुजारा सरकार की राशन योजना से मिलने वाले चावल पर ही करती है। लेकिन जब विकल्प नहीं बचा, तो उसने बच्चे की थाली से चावल निकालकर बाजार में बेच दिए, ताकि किसी तरह 500 रुपए इकट्ठा कर सके और अपने बेटे का जन्म प्रमाण पत्र हासिल कर सके।

इस घटना के बारे में बताते हुए मीडिया कर्मियों के सामने रो पड़ी। वह कह रही है कि एएनएम ने कहा है कि जब तक 500 रुपये नहीं लाओगी, जन्म प्रमाण पत्र नहीं दूंगी। मेरे पास खाने का इंतजाम नहीं है, पैसे का क्या इंतजाम करती। 500 रुपये की व्यवस्था मैंने चावल बेचकर की है। वीडियो वायरल होने के बाद स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में रोष है। उनका कहना है कि दोषी एएनएम को तत्काल निलंबित कर कठोर कार्रवाई की जाए, और अमीषा को आर्थिक सहायता देकर न्याय दिलाया जाए।

### विधायक ने सुशासन शिविर में हितग्राहियों को सामग्री का वितरण किया



**जशपुरनगर ( विश्व परिवार )।** सुशासन तिहार का आयोजन बगीचा विकास खंड के तहसील सन्ना में किया गया जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने ग्रामीणों को छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया और हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया।

सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान तहसील सन्ना पहुंची भगत ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण करने के लिए कहा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सुशासन में जशपुर में विकास तेजी से हो रहा है और सड़क,पूल पुलिया, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण का मांग शिविर में किया। जिसके त्वरित निराकरण का आश्वासन विधायक ने देते हुए संबंधित विभाग प्रमुखों को अवगत कराया और निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी सिंह, आनंद यादव, काजल राय, और बगीचा एसडीएम रितुराज बिसेन, नसरुल्ला सिद्दीकी, बलवंत गुप्ता, राकेश गुप्ता सरपंच सन्ना सहित भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### साप्ताहिक जनदर्शन का हुआ आयोजन, 56 आवेदन हुए प्राप्त



**जांजगीर-चांपा ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में डिप्टी कलेक्टर शशि कुमार चौधरी, देवेन्द्र कुमार चौधरी ने जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना और प्राप्त सभी आवेदनों को निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में तहसील पामगढ़ के ग्राम तनौद निवासी माधोप्रसाद द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि दिलाने, तहसील शिवरीनारायण के ग्राम पंचायत कंचदा निवासी शंभुदास द्वारा राशन कार्ड बनाने, तहसील मुख्यालय जांजगीर के भांठापारा निवासी उमाशंकर सूर्यवंशी द्वारा आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम हाथीटिकरा निवासी त्रिवेणी बाई द्वारा जमीन का सीमांकन करवाने, ग्राम बनारी के राजेन्द्र कुमार बरेठ द्वारा बेजा कब्जा हटवाने संबंधी सहित आज जनदर्शन में कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### अजीत जोगी की प्रतिमा लगाने पर विवाद

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ( विश्व परिवार।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की प्रतिमा को लेकर गौरेला में विवाद गहरा गया है। बताया जा रहा है कि ज्योतिपुर चौक पर लगी उनकी मूर्ति को बीती रात चुपचाप हटा दिया गया, जिसकी जानकारी न तो नगर पालिका के अधिकारी को थी और न ही किसी ठेकेदार को। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मूर्ति को पैरों से तोड़कर अपमानजनक तरीके से हटाया गया।

# संपादकीय

## अमर्यादित और भद्दी टिप्पणी

भारत के लोकतांत्रिक-राजनीतिक-सामाजिक जीवन में कई बार ऐसी घटनाएं होती हैं, या ऐसे दृश्य सामने आते हैं, जिनसे प्रतीत होता है कि यहां कानून का शासन अभी तक ठीक से लागू नहीं हो पाया है। अगर सच में ऐसा है तो कह सकते हैं कि देश में लोकतंत्र अपनी जड़ें जमा नहीं पाया है। भारत ही नहीं, एशिया-अफ्रीका के प्रायः सभी विकासशील देशों का हाल एक जैसा है। माना जाता है कि कानून का राज लोकतंत्र की सबसे अनिवार्य शतरे में से एक है। अगर किसी लोकतांत्रिक देश की प्रशासनिक मशीनरी कानून के राज को विफल करने का प्रयास करती है, तो लोगों का लोकतंत्र से विास डगमगाने लगता है। मध्य प्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह का मामला इसका सबसे अच्छा उदाहरण है। शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के बार में जिस तरह की अमर्यादित और भद्दी टिप्पणी की उससे पूरा देश स्तब्ध है और आक्रोश में भी है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने विजय शाह की टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया लेकिन पुलिस प्रशासन ने मंत्री महोदय को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। कहने की आवश्यकता नहीं है कि मंत्री शाह की जगह कोई आम आदमी होता तो पुलिस उसका क्या हाल बनाती। उनकी राजनीतिक पार्टी भाजपा भी इस मामले में खामोश है। पार्टी के राष्टीय प्रवक्ता उनके बचाव में जो तर्क दे रहे हैं, वे भी कम हास्यास्पद नहीं हैं। कहा जा रहा है कि यह आपराधिक मामला है, इसलिए अदालत कार्रवाई करेगी यानी पार्टी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने मंत्री महोदय के माफी मांगे जाने को घड़ियाली आंसू या कानूनी कार्यवाही से बचने का प्रयास बता कर खारिज कर दिया और उनके खिलाफ मध्य प्रदेश पुलिस को स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया। टीम गठित भी हो गई है जो विजय शाह के बयानों की जांच करेगी। आजकल राजनीतिज्ञों में यह भी चलन आम हो गया है कि पहले विवादित बयान दो और जब उसकी आलोचना होने लगे तो माफी मांग लो या यह कह दो कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है या लगे हाथ अपने राजनीतिक विरोधियों द्वारा अपने खिलाफ रचाई गई साजिश बता कर अपने बयान से पल्ला झाड़ लो। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के सख्त रुख से लगता है कि मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# कौन है राष्ट्रपति डोनाल्ड की बेबी डॉल

डा. वरिंदर भाटिया



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर यह आरोप अक्सर लगता रहा है कि उनके लिए सबसे बड़ा मुद्दा कारोबार है, चाहे इसके लिए उन्हें किन्हीं भी देशों से हाथ मिलाना पड़े। फिर चाहे वे भारत के विरोधी ही क्यों न हों। ताजा घटनाक्रमों में यह बात एक बार फिर सामने आई है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मानो तो भारत के दुश्मनों को पुचकारने की कसम खा चुके हैं। पहले तो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी भूमिका ने साबित कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ उनकी खाई कसमें झूठी हैं तो वहीं पाकिस्तान से बिजनेस करने में भी उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। भारत को यह कड़वा सच समझ में है। ट्रंप ने इस तरह के बयान भी दिए थे कि वे कश्मीर समस्या को सुलझाने के लिए तैयार ह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के दिनों में उन देशों के साथ प्रेम की पुचकारी बढ़ाई है, जिनके साथ भारत के अच्छे रिश्ते नहीं हैं। इनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्की शामिल हैं। यह भारत के लिए चिंता का विषय है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान में ट्रंप की दिलचस्पी केवल क्रिप्टो करेंसी के कारोबार तक ही सीमित नहीं है। उनके सहयोगियों ने हाल ही में इस्लामाबाद के साथ उनके परिवार की कंपनी के लिए क्रिप्टो करेंसी का सौदा किया था। ट्रंप की आंखों में भारत के लिए पहले जैसा प्यार नहीं रह गया है। इसको जानने के लिए अतीत को टटोलने की कोशिश करते हैं। ट्रंप और नरेंद्र मोदी के बीच पहले कार्यकाल (2017-2021) में गर्मजोशी भरे संबंध थे। जिन्हें हाउडी मोदी और नमस्ते ट्रंप जैसे आयोजन याद होंगे, उन्हें पता होगा कि इन दोनों नेताओं की दोस्ती कैसे परवान चढ़ी थी। लेकिन 2025 में ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत और मोदी के प्रति उनका रुख तल्ख होता जा रहा है। यह बदलाव कोई अचानक नहीं है। इसके पीछे देश और दुनिया से संबंधित कई कारण हैं, पर भारत-पाक युद्ध के बाद अचानक डोनाल्ड ट्रंप का रुख भारत के प्रति कुछ ज्यादा ही रूखा नजर आ रहा है। इसके ठीक उलट ट्रंप पाकिस्तान के प्रति अपेक्षाकृत नरम दिखाई देते हैं। सवाल उठता है कि कि क्या पाकिस्तान का मोह ट्रंप को भारत से दूर कर रहा है? क्योंकि पाकिस्तान अमेरिका का बरसों दुलारा रहा है, पर अब चीन और रूस की गोद में जाकर बैठ गया है। ट्रंप ने जिस तरह पाकिस्तान को आईएमएफ से 2.4 बिलियन डालर का बेलआउट पैकेज दिलाया, वो यूं ही नहीं हुआ है। भारत के विरोध में यह तर्क देने के बावजूद कि इसका दुरुपयोग आतंकवाद के लिए हो सकता है, ट्रंप प्रशासन ने इस बेलआउट का समर्थन किया, जिसे भारत ने पाकिस्तान के प्रति नरमी के रूप में देखा। इसके बाद एप्पल सीईओ टिम कुक को भी ट्रंप यह समझाते हुए नजर आए कि आईफोन की फैक्टरी का भारत में विस्तार करने की क्या जरूरत है? चीन और रूस के खिलाफ भारत का अमेरिका का खुलकर साथ न देना ट्रंप को अखरता है। कहा जा रहा है कि अमेरिका के बार-बार खुलकर कहने के बावजूद भारत चीन और रूस के सामने खुलकर अमेरिका के साथ नहीं आ रहा है। अमेरिका और ट्रंप के भारत से चिढने का सबसे बड़ा कारण यह है। अमेरिका चाहता है कि एशिया में चीन और रूस से मुकाबले के लिए भारत उसके साथ आए। पर भारत ने रूस और चीन के साथ संबंधों को संतुलित रखा है। रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत ने तटस्थ रुख अपनाया और रूसी तेल (13 डालर/बैरल की छूट पर) खरीदना जारी रखा, जो वैश्विक तेल कीमतों को प्रभावित करता है। ट्रंप ने रूस के प्रति नरम नीति अपनाई, लेकिन भारत की स्वतंत्रता उन्हें अखरती है, क्योंकि यह अमेरिका के वैश्विक प्रभाव को सीमित करती है। भारत का रूस के साथ रक्षा सौदों (जैसें एस-400) का इतिहास भी अमेरिका को चुभता है। 2020 के गलवान संघर्ष के बाद भारत ने चीन के साथ डी-एस्केलेशन शुरू किया और 2025 तक एलएसी पर तनाव कम हुआ। भारत-चीन व्यापार 125 बिलियन डालर तक पहुंचा, जो ट्रंप की चीन-विरोधी नीति से टकराता है। पाकिस्तान कभी अमेरिका का लाडला होता था। पाकिस्तान को आतंकवादियों के रहमोकरम पर जिंदा रहने वाला एक देश बनाने के पीछे अमेरिका का ही हाथ रहा है। इस बात को वहां के इंटेलेक्चुअल्स मानते भी हैं। ट्विन टावर पर हमले के बाद बदली परिस्थितियों में पाकिस्तान और अमेरिका में दूरी आ गई थी। पर एक बार फिर विश्व के बदलते परिवेश में अमेरिका को पाकिस्तान की जरूरत है। पाकिस्तान में बैठकर अमेरिका ईरान और अफगानिस्तान को नियंत्रित करने के सपने देख रहा है। अमेरिका को यह भी लगता है कि चीन और रूस के पाले से पाकिस्तान को बाहर निकालना जरूरी है। यही कारण है कि डोनाल्ड ट्रंप का हालिया रुख भारत के प्रति तल्ख और पाकिस्तान के प्रति अपेक्षाकृत नरम दिखाई देता है, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या पाकिस्तान का मोह ट्रंप को भारत से दूर कर रहा है। ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत करने के संकेत दिए हैं। 9 मई 2025 को आईएमएफ ने पाकिस्तान को 2.4 बिलियन डालर का बेलआउट दिया। 10 मई 2025 को भारत-पाकिस्तान युद्धविराम में ट्रंप ने मध्यस्थता का दावा किया, जिसे भारत ने खारिज कर द्विपक्षीय बताया। पाकिस्तान ने इस दावे का स्वागत किया, जबकि भारत की ओर से पहले चुप्पी दिखाई गई, बाद में मध्यस्थता की बात को नकार दिया गया। डोनाल्ड ट्रंप के भारत-पाकिस्तान युद्धविराम में मध्यस्थता के दावे को नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा खारिज करना ट्रंप की नाराजगी का एक प्रमुख कारण हो सकता है। ट्रंप खुद को दुनिया का चौधरी समझते हैं। इसके साथ ही उनके व्यक्तित्व में खुद को सबसे बड़ा डील करवाने वाला समझने का दंभ भी है। एक बार उन्होंने कहा था कि मोदी बहुत टफनेगोशिएटर हैं। मतलब कि मोदी से उन्हें चैलेंज मिलता था। जिस तरह भारत-पाक युद्ध को खत्म कराने का श्रेय वो ले रहे थे, उससे जाहिर था कि वो चाहते थे कि पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ की तरह भारत भी उनकी तारीफ करे। पर तारीफ तो दूर, भारत जैसे खुद्दार देश ने यह मानने से ही इनकार कर दिया कि ट्रंप की मध्यस्थता की वजह से सीजफायर हुआ। जाहिर है कि इससे ट्रंप अपसेट हुए होंगे। दबाव के चलते हालांकि उन्होंने यह बयान भी दिया कि सीजफायर कराने में उनकी भूमिका नहीं थी। जाहिर है कि ट्रंप को यह सब दबाव में करना पड़ा। ताकतवर लोग अकसर इस तरह की बातों को दिल पर ले लेते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर यह आरोप अक्सर लगता रहा है कि उनके लिए सबसे बड़ा मुद्दा कारोबार है, चाहे इसके लिए उन्हें किन्हीं भी देशों से हाथ मिलाना पड़े। फिर चाहे वे भारत के विरोधी ही क्यों न हों। ताजा घटनाक्रमों में यह बात एक बार फिर सामने आई है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मानो तो भारत के दुश्मनों को पुचकारने की कसम खा चुके हैं। पहले तो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी भूमिका ने साबित कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ उनकी खाई कसमें झूठी हैं तो वहीं पाकिस्तान से बिजनेस करने में भी उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। भारत को यह कड़वा सच समझ में है। ट्रंप ने इस तरह के बयान भी दिए थे कि वे कश्मीर समस्या को सुलझाने के लिए तैयार हैं। पर पीएम मोदी ने जनता के नाम संदेश में जो बातें की, निश्चित तौर पर अमेरिका को अच्छी नहीं लगी होंगी। पीएम मोदी ने कहा था कि अब पाकिस्तान से बात केवल पीओके और आतंकवाद पर ही होगी। यह बात ट्रंप और उनकी बेबी डॉल को कभी भी पसंद नहीं आ सकती है।

## आलेख

# अनुसूचित जाति की स्थिति आज भी अछूत जैसी

सुरेश भाई

आजादी के बाद बापू का सपना था कि समाज में अनुसूचित जाति को समान अधिकार दिलाएंगे क्योंकि समाज में उनकी स्थिति आज भी अछूत जैसी है। इनके साथ अपराध के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं। वे खुले रूप से मंदिर में नहीं जा सकते। अपने बेटा-बेटी की शादी डोली या घोड़ी में बिठा कर नहीं कर सकते। यदि किसी ने हिम्मत भी की होगी तो उच्च वर्ग के लोगों ने उन्हें प्रताड़ित किया। आज भी उन्हें गांव में जल स्रोतों के पास पानी भरने के लिए तब तक इंतजार करना पड़ता है, जब तक उच्च वर्ग के लोग वहां से पानी लेकर घर नहीं पहुंच जाते। देश में बहुत सारी योजनाएं दलितों के नाम पर संचालित हो रही हैं, लेकिन अधिकांश दलित समाज को पता नहीं है कि उनके लिए किस तरह से केंद्र और राज्यों में आर्थिक संसाधनों को उपलब्ध किया जा रहा है। उनमें से किसी के पास जानकारी होगी भी तो आसानी से उन्हें मदद नहीं मिल पाती। सत्ता और राजनीति भी ऐसी है कि आरक्षण के नाम पर चुने हुए जनप्रतिनिधि भी उपेक्षा महसूस करते हैं। अपने ही दलों के अंदर बड़े नेता उनका अपमान करने पर आमादा रहते हैं। अनुसूचित जाति के साथ इस तरह के अत्याचार का प्रमुख कारण है कि उच्च वर्ग की मानसिकता में अभी इतना परिवर्तन नहीं हो पाया है कि जो शरीर, रक्त, हाथ-पैर, आंखें, दिमाग, सोचने-समझने की कला और एक जगह से दूसरे जगह जाने की हिम्मत उनमें है, वही दलित वर्ग में भी मौजूद है। जिस दिन उच्च वर्ग के हृदय में यह परिवर्तन हो गया तो समझ लीजिए कि उसके बाद से ही दलितों पर अत्याचार कम हो सकते हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारत के संविधान में आरक्षण भी इसीलिए रखवाया ताकि उन्हें हर स्तर पर उनकी निश्चित जनसंख्या के आधार पर अधिकार मिलें और वे हीन भावना से आगे निकल सकें। आज आरक्षण का विरोध भी कई राजनीतिक दलों के लोग स्वर्ण मानसिकता के कारण ही करते हैं क्योंकि सोचते हैं कि दलित वर्ग के लोगों को सरकारी नौकरी में आने की क्या जरूरत है? जो लोग वर्षो तक उनकी खेतीबाड़ी का काम करते रहे, कृषि के औजार बनाते रहे, पैरों को सुख देने वाले जूते बनाते रहे, सुंदर डिजाइन के कपड़े सिलते रहे, खाने पकाने के बर्तन बनाते रहे, भवन और मंदिर निर्माण के शिल्पी रहे आज ये सारे काम पूंजीपतियों और कॉरपोरेट के पास चले गए हैं। इस कारण उनमें रोजगार संकट बढ़ गया है, जबकि दलित भी उसी पर्यावरण में रहते हैं, जिसमें समाज के अन्य सभी वग जीवन यापन करते हैं। जब शोषित, उपेक्षित वर्ग के पढ़े-लिखे युवक-युवतियां कहीं सरकारी नौकरी में दिखाई देते हैं, तो वहां भी उन्हें दलित वर्ग में पैदा होने का अहसास होता है। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं कि सरकारी, गैर-सरकारी और अन्य सभी कामकाज में यदि कहीं दलित वर्ग की हिस्सेदारी है, तो समझ लीजिए कि वहां पर भी समाज स्वर्ण और अवर्ण में विभक्त दिखाई देता है। आजादी के बाद समाज में इस विषमता को दूर करने के लिए लगभग दो दशक तक गांधी विचार के अनुयायियों और सत्ता पक्ष के प्रतिनिधियों ने मिल कर अछूतों को मंदिर प्रवेश करवाने का काम किया। दलित बस्तियों में शिविर सम्मेलन के दौरान सामूहिक भोजन करने का सरकारी कार्यक्रम भी चलाया जाता रहा है, जो केवल दलित वोट के नाम पर जलपान अथवा सामूहिक भोज नजर आता है। चिंताजनक है कि हर घंटे में दलितों के साथ 5 अपराध हो रहे हैं। दलितों को जलाना, पीटना-मारना, शोषण करने जैसे अत्याचारों को हर दिन मीडिया दे रहा है। हाल के दिनों में दलितों पर हुए अत्याचार के आंकड़े बताते हैं कि यूपी में 15,368, राजस्थान में 8,752, मध्य प्रदेश में 7,753, बिहार में 6,509, ओडिशा में 2,902, महाराष्ट्र में 2,743 घटनाएं हुई और इसके बाद के आंकड़े अन्य राज्यों में भी हैं। उत्तर प्रदेश इसमें सबसे आगे है जहां 15,368 अत्याचारों में 189 मंडर, 939 दलित महिलाओं पर हमले, 617 किडनैप आदि के मामले हैं। दलितों पर अत्याचार उच्च मानसिकता के कारण है। यह तभी रु क सकता है जब मनुष्य छुआछूत की भावनाओं को त्याग दें और हर रोज जिस तरह से पत्र-पत्रिकाओं में नेताओं की स्मृतियों के विज्ञापन छपते रहते हैं, उसी तरह से कोशिश हो कि दलितों पर अत्याचार रोकने के जितने भी कानून हैं, उनका प्रचार- प्रसार हो। टेलीविजन पर भी हर राजनीतिक दल इन अत्याचारों पर खुल कर बोले। वे यह बोलना भी बंद करें कि मेरे राज में इतने दलित मरे और तब तक दूसरा कहता है कि मेरे राज में इससे कम मरे हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा

विनीत नारायण

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का इतिहास लंबा और जटिल रहा है। दोनों देशों के बीच कश्मीर को लेकर दशकों से चला आ रहा विवाद समय-समय पर हिंसक संघर्ष का कारण बनता रहा है। अप्रैल, 2025 में पहलगाम में आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया। इस हमले में 26 पर्यटकों की जान गई जिसके लिए भारत ने पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। इसके जवाब में 'ऑपरेशन सिंदूर' किया जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इस संदर्भ में अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में युद्ध मामलों की विशेषज्ञ प्रो. क्रिस्टीन फेयर ने एक टीवी साक्षात्कार में संघर्ष के कारणों, परिणामों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। प्रो. फेयर ने बताया कि पाकिस्तान की सेना और उसका खुफिया तंत्र लंबे समय से आतंकी संगठनों जैसे लश्कर-ए-तैयबा आदि को समर्थन देता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये संगठन न केवल कश्मीर में सक्रिय हैं, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके अनुसार, पाकिस्तानी सेना इन संगठनों को 'रणनीतिक संपत्ति' के रूप में देखती है, जो भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ने में उपयोगी हैं। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया जिसमें भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस ऑपरेशन को भारत ने अपनी आत्मरक्षा का अधिकार बताया जबकि पाकिस्तान ने अपनी संप्रभुता पर हमला करार दिया। प्रो. फेयर ने इस ऑपरेशन को भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बताया। कहा कि भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे कदम आतंकवाद को पूरी तरह खत्म नहीं कर सकते क्योंकि पाकिस्तान की सेना के लिए भारत के खिलाफ संघर्ष 'अस्तित्वगत' है। यह उनके वजूद का सवाल है। भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाकिस्तान अनेक देशों से आर्थिक मदद मांगता रहा है। प्रो. फेयर ने पाकिस्तानी सेना की भारत के प्रति कार्यशैली पर किताब भी लिखी है। इस साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की सेना अपने देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाती है। कहा कि पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानती है, और इस धारणा को बनाए रखने के लिए आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है। प्रो. फेयर के अनुसार, उनकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तानी सेना के लिए कश्मीर विवाद केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा भर नहीं है, बल्कि उनकी वैचारिक और रणनीतिक पहचान का भी हिस्सा है। प्रो. फेयर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना तब तक आतंकवाद को समर्थन देती रहेगी, जब तक कि उसे भारत के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिलता रहेगा। भारत की हालिया सैन्य कार्रवाइयों जैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है कि भारत अब पहले की तरह निष्क्रिय नहीं रहेगा। साक्षात्कार में प्रोफेसर फेयर ने भारत के राष्टीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल की रणनीति की भी चर्चा की। उन्होंने डोवाल को ऐसे रणनीतिकार के रूप में वर्णित किया जो भारत की सुरक्षा नीति को आक्रामक और सक्रिय दिशा में ले जा रहे हैं। प्रो. फेयर ने कहा कि डोवाल की 'सक्रिय रक्षा' की नीति ने भारत को पाकिस्तान के खिलाफ अधिक प्रभावी बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर इस नीति का उदाहरण है, जिसमें भारत ने न केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, बल्कि पाकिस्तान को कूटनीतिक और सैन्य रूप से भी जवाब दिया। हालांकि, प्रो. फेयर ने यह भी चेतावनी दी कि आक्रामकता के भी जोखिम हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान, दोनों ही परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं, और किसी भी सैन्य टकराव का बढ़ना दक्षिण एशिया में व्यापक विनाश का कारण बन सकता है। उनके अनुसार, भारत को अपनी रणनीति में संतुलन बनाए रखना होगा ताकि वह आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपना सके लेकिन साथ ही स्थिति को पूर्ण युद्ध की ओर बढ़ने से भी रोक सके।10 मई, 2025 को भारत और पाकिस्तान ने युद्धविराम की घोषणा की, जिसे अमेरिका की मध्यस्थता से संभव माना गया। हालांकि, भारत ने इसे 'द्विपक्षीय समझौता' बताया और अमेरिकी हस्तक्षेप को कमतर करने की कोशिश की। प्रो. फेयर ने इस युद्धविराम को अस्थायी करार दिया। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तानी सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती, तब तक इस तरह के तनाव बार-बार सामने आएंगे। उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि पाकिस्तान भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। प्रो. फेयर के अनुसार अंतरराष्टीय समुदाय विशेष रूप से अमेरिका इस क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए महती भूमिका निभा सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता हमेशा दोनों देशों को स्वीकार्य नहीं होती खासकर भारत के लिए जो कश्मीर को अपना आंतरिक मामला मानता है। प्रो. क्रिस्टीन फेयर का टीवी साक्षात्कार भारत-पाकिस्तान संघर्ष की जटिलताओं को समझने के लिए महत्त्वपूर्ण दस्तावेज है। उनके विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि इसके गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। पाकिस्तानी सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थायी शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं। हालांकि, प्रो. फेयर का यह भी मानना है कि दोनों देशों के बीच संवाद और कूटनीति के रास्ते पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं। यदि पाकिस्तान अपनी नीतियों में बदलाव लाता है और भारत संतुलित रु ख अपनाता है

# सौगात से सौगंध तक राज्य कर्मचारी

मनोज कुमार



प्राथमिक शिक्षक संघ को इस फैसले को लागू करने में सहयोग करना चाहिए, अगर उनकी सेवा शर्तें यथावत रहती हैंज हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने से लेकर आज तक कर्मचारी संघ, कर्मचारियों के मुद्दों के समाधान करवाने के लिए सरकार व प्रबंधन पर दबाव बनाने के लिए समय-समय पर कई तरह के टूल्स अपनाते रहे हैं। राजनीतिक पार्टियों को भी पता है कि हिमाचल में कर्मचारियों के बगैर सरकार बनाना मुश्किल है। कर्मचारी नेता विभिन्न मुद्दों को सरकार व प्रबंधन के समक्ष उठाते रहे और जरूरत पड़ी तो हड़ताल का बिगुल भी बजाते रहे हैं। 1980 में पंजाब के समकक्ष हिमाचल के कर्मचारियों को वेतनमान दिलाने में सुंदरनगर और पालमपुर में कुछ सरकारी कर्मी शहीद भी हुए। उस समय कर्मचारियों के आगे सरकार को झुकना पड़ा। गोपाल दास वर्मा ने कर्मचारी महासंघ को राज्य सचिवालय में कार्यालय दिलाया। शांता कुमार की सरकार के 'काम नहीं तो वेतन नहीं' के आदेश के खिलाफ सभी कर्मचारियों ने हड़ताल की। इस हड़ताल के दौरान बहुत से कर्मचारी नेताओं को टर्मिनेट भी किया गया था। 'काम नहीं तो वेतन नहीं' के नियम के लागू होने के बाद वास्तव में हड़तालों का दौर थम ही गया था। शांता कुमार ने अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ को मान्यता भी दी। मधुकर उनके बहुत करीबी थे। उसके बाद अराजपत्रित महासंघ, बोर्ड और निगमों के संघ भी विशेष राजनीतिक पार्टियों के साथ अप्रत्यक्ष रूप से अपने आप को आज तक जोड़ते आ रहे हैं। आज अराजपत्रित महासंघ मान्यता प्राप्त करने के लिए दो-तीन गुटों में बंटा है। यही कारण है कि आज तक संशोधित वेतनमानों का एरियर्स कर्मचारियों एवं पेंशनरों को नहीं मिला है। यहां कर्मचारी संघों की बहुलता है, जिससे संघों की शक्ति, सुरक्षा और नेतृत्व प्रभावित होता है। कर्मचारियों को बांटे रखना ही सरकार एवं प्रबंधन का काम होता है। इससे संघ/एसोसिएशन की सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति नहीं होती है। यही कारण है कि संघों को अपनी मांगों को मनवाने के लिए राजनीतिक पार्टियों पर निर्भर रहना पड़ता है। ये राजनीतिक पार्टियां इन संघों को अपने हिसाब से चलाती हैं। कर्मचारियों की मांगें सरकार से मनवाना तो संघ का दायित्व है, परंतु साथ में सरकारी विभागों एवं अर्धसरकारी उपक्रमों की कार्यप्रणाली एवं वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे सुधारों में भी कर्मचारी संघों को सकारात्मक सहयोग करना चाहिए, क्योंकि कर्मचारियों की देनदारियों के भुगतान का सीधा संबंध सरकार एवं प्रतिष्ठानों की वित्तीय स्थिति पर निर्भर करता है। इस समय हिमाचल सरकार की देनदारियां 90000 करोड़ हो गई हैं। 27 में से 12 सार्वजनिक उपक्रम घाटे में चल रहे हैं। इनका कुल घाटा 2024 तक 4901.51 करोड़ रुपए था। घाटे में एचपीएसईबी पहले, एचआरटीसी दूसरे, एचपीटीसीएल तीसरे तथा एचपीपीसीएल चौथे स्थान पर है। इन सार्वजनिक उपक्रमों के घाटे से उनकी वित्तीय व्यवहार्यता, इन पीएसयू में काम करने वाले कर्मचारियों की आजीविका पर असर डाल रही है। हिमाचल पथ परिवहन निगम के घाटे में जाने से कर्मचारियों को समय पर वेतन, संशोधित वेतनमानों का एरियर, ओवर टाइम तथा पेंशनरों को पेंशन समय पर नहीं मिल रही है। निगम में सरकार द्वारा सुधार लाने का कर्मचारी संघ विरोध करते रहे हैं, जिसका खामियाजा अब भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही हाल हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम का रहा। उपभोक्ता संतुष्टि की तरफ कभी ध्यान ही नहीं दिया गया। अब जब उन्हें सेवानिवृत्ति के लाभ नहीं मिल रहे हैं तो माननीय हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ रही है। कर्मचारी अब भी निगम में सुधारों का विरोध कर रहे हैं। सरकार की सोच हमेशा दीर्घकालिक होती है, परंतु कर्मचारी संगठनों को अपने सदस्यों के हित देखने होते हैं। 1992 में सीएम शांता कुमार ने विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित करवाकर केन्द्रीय सरकार को भेजा कि केंद्रीय विद्युत अधिनियम में संशोधन कर 5 मेगावाट से ज्यादा क्षमता की विद्युत परियोजनाओं का निजी क्षेत्र में निर्माण के लिए अनुमति दी जाए। केंद्रीय सरकार ने संसद में कानून बनाकर विद्युत दोहन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को अनुमोदित कर दिया। बिजली कर्मियों ने विद्युत के निजीकरण के विरोध में 29 दिनों तक हड़ताल की। बहुत से कर्मचारी नेताओं को नौकरी से बर्खास्त किया गया। 'नो वर्क नो पे' का नियम लागू किया गया। उधर हिमाचल सरकार के पास पन विद्युत की अपार संपदा के दोहन के लिए पैसा नहीं था। इसलिए यह निर्णय लेना पड़ा। इस निर्णय से हिमाचल को यह फायदा हुआ कि निजी क्षेत्र में बिजली का उत्पादन हुआ और बिजली परियोजनाओं से बिजली के साथ रॉयल्टी के रूप में आय होना शुरू हो गई जिससे प्रदेश की इकोनॉमी बूस्ट करने के लिए धन मिलना शुरू हो गया। आज हिमाचल प्रदेश में 24 घंटे बिजली मिलती है। हिमाचल प्रदेश का जितना राजस्व अपना है, उसका आधा पन विद्युत परियोजनाओं से आता है। हिमाचल प्रदेश में जलविद्युत की कुल क्षमता 27476 मेगावाट है। इसमें से 24000 मेगावाट क्षमता दोहन के योग्य है, जिसमें से 10630 मेगावाट बिजली का दोहन आज तक हुआ है

## संक्षिप्त समाचार

### कुण्डलपुर में भगवान श्री शांतिनाथ जी का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया



**कुण्डलपुर ( विश्व परिवार )।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के सोलहवें तीर्थंकर भगवान श्री शांतिनाथ जी का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान हुआ। अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस अवसर पर प्रथम अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धि कलश करने का सौभाग्य ऋषभ भरत जैन भोपाल, सुशील रोहित पहाड़िया जयपुर, सुनील अंकित दिवाकर इंदौर, सचिन अकलंक आगरा, कांतिलाल पंचोरी बांसवाड़ा, श्याम कुमार अक्षय खड़कपुर, देवेंद्र रतन जैन रायपुर, एकांत जैन अशोकनगर, मनोज मोहित जैन अशोकनगर, कमलेश जैन धनोटा, विशाल जैन फिरोजाबाद को प्राप्त हुआ। निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य रतनलाल जयकुमार जैन अशोकनगर, अशीष देवेंद्र जैन जबलपुर ने प्राप्त किया। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महा आरती हुई।

### छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीस कार्यकारिणी का विस्तार

**चेम्बर में संरक्षक, चेयरमेन, वाइस चेयरमेन, कार्यकारी अध्यक्ष, प्रमुख सलाहकार के पद में मनोनयन**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीस के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी जी ने आज छत्तीसगढ़ व्यापार एवं उद्योग की प्रगति के लिए अपनी कार्यकारणी का विस्तार किया। जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रमुख व्यापारियों एवं उद्योगपतियों को चेम्बर में संरक्षक, चेयरमेन, वाइस चेयरमेन, कार्यकारी अध्यक्ष, प्रमुख सलाहकार के पद में मनोनयन किया है। पदाधिकारियों में संरक्षक के रुप में श्रीचंद सुंदरानी, पूरनलाल अग्रवाल, खूबचंद पारख, सरदार बलदेव सिंग भाटिया, शिवराज भंसाली, यू. एन. अग्रवाल, मगन भाई, पटेल, चतुर्भुज अग्रवाल तथा चेयरमेन गोपाल कृष्ण अग्रवाल एवं वाइस चेयरमेन चेतन तारवानी और कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, ललित जैसिंग, विनय बजाज, विक्रम सिंहदेव, कमल सोनी, जसप्रीत सलूजा को बनाए गए हैं। इसके साथ ही प्रमुख सलाहकार त्रिलोकचंद बरड़ीया, सरल मोदी, बाफना, छगन मुंदड़ा, संजय रुंगटा, अरविन्द जैन, राजेन्द्र शर्मा, लखमशी पटेल, किशोर आहुजा, सुशील अग्रवाल, मोहनलाल तेजवानी, अशोक मलानी, अमर गिदवानी, जयंती भाई पटेल,चंदर विधानी, विजय मुकीम, गुरजीत सिंह संधु, विनोद तलरेजा, दिपक रहेजा को जिम्मेदारी दी गई है। अन्य पदाधिकारीयों की घोषणा शीघ्र ही की जायेगी।

### श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर गायत्री नगर में पूजा विधि पर दिया प्रशिक्षण

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद एवं परम पूज्य निर्यापक श्रवण मुनि पुंगव 108 सुधा सागर जी महाराज की प्रेरणा से स्थापित श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृत संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में दिगम्बर जैन महासमिति के सहयोग से श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर 16 मई 2025 से दिगम्बर जैन मंदिर गायत्री नगर महारानी फार्म जयपुर में लगाया जा रहा है उक्त शिविर में प्रथम भाग, द्वितीय भाग, तृतीय भाग एवं इष्टोपदेश की कक्षाएं लगाई जा रही हैं, शिविर में पं. वीरेन्द्र जैन, अनिता बड़जात्या, बिमला जैन, प्रमिला जैन, किरण बिल्टीवाली द्वारा लगभग 125 बालक बालिकाओं, महिला, पुरुषों (शिवरार्थियों ) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर संयोजक मंजू जैन सेवावाली ने अवगत कराया कि शिविर के अंतर्गत 25 मई 2025 को प्रातः 9ः00 बजे 50 सेअधिक शिविरार्थियों को कार्यक्रम संयोजक व शिक्षिका अनिता बड़जात्या ने पूजा विधि से संबंधित प्रशिक्षण दिया। उक्त शिवरार्थियों को मुनिवैय्या वृत्ति महिला समूह के द्वारा गिफ्ट प्रदान कर अल्पाहार कराया गया। कार्यक्रम संयोजक सुनिता काला ने बताया कि सभी शिविरार्थियों की 27 मई को परीक्षा होगी, समापन व सम्मान समारोह 29 मई को रात्रि 7.30 मन्दिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा की अध्यक्षता में होगा। समस्त कार्यक्रमों का कुशल संचालन मन्दिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक अरुण शाह द्वारा किया गया।



### बच्चों ने सिखा किरिंग बनना



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर स्थित तेरापंथ अमोलक भवन में तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय किड्स समर कैंप ( एक्टीविटी शिविर) के प्रथम दिवस सहभागी बच्चों ने स्वयं के द्वारा कुशल प्रशिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में सिखा किरिंग बनना जिसमें संबंधित सामग्री परिषद् द्वारा उपलब्ध कराई गई। कैंप में मंगल पाथेय हेतु सान्निध्य मिला गुरुभंगवत मुनिश्री तीर्थ प्रेम विजय जी का जिन्होंने सहभागी बच्चों को बोधित करते हुए पहले अच्छे इंसान बनने कि प्रेरणा दी साथ ही कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास भी संभव हो सकता है।कैंप में गरिमामय उपस्थिति रही छत्तीसगढ़ शासन दिव्यांग जन वित्त एवं विकास निगम आयोग के अध्यक्ष श्री लोकेश जी कांवड़िया की उन्होंने ने आयोजन कि सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अन्य प्रतिभा को भी निखारने का अवसर प्राप्त होता है। **-वीरेंद्र डागा**

## श्रद्धा भक्ति और समर्पण के साथ किया जा रहा दस दिवसीय जैन रामायण कथा का आज होगा भव्य समापन




**जयपुर ( विश्व परिवार )।** जिनवचन हमेशा प्रामाणिक ही होते हैज.संसार असार है, जिन शरण ही सच्ची शरण है। ये उदगार गुलाबी नगरी जयपुर की पावन धरा पर पहली बार दुर्गापुरा के श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्र प्रभजी में राजस्थान जैन युवा महासभा, जैन कनेक्ट, दुर्गापुरा जैन मंदिर ट्रस्ट एवं महिला मंडल दुर्गापुरा के संयुक्त तत्वावधान में चल रही।

दस दिवसीय जैन रामायण कथा के नवें दिन सोमवार को मुनि जयकीर्ति महाराज ने व्यक्त किये। उन्होंने कथा के दौरान सीता की अग्नि परीक्षा, लव कुश का जन्म, लव कुश का राम लक्ष्मण से युद्ध, सीता को वैराग्य, जिनेश्वरी दीक्षा धारण सहित अन्य प्रसंगो का चिरपरिचित शैली में चित्रण किया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि प्राचीन जैन ग्रन्थ 'पद्मपुराण' पर आधारित जैन रामायण कथा के संगीतमय आयोजन में भगवान चन्द्र प्रभू के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन युवा समाजसेवी डॉ राजीव जैन-अंजू जैन, जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के अध्यक्ष सुशील-सरिता कासलीवाल एवं विनोद जैन कोटखावदा, जय कुमार जैन, प्रकाश चांदवाड, राजेन्द्र काला, अनुज जैन, अतीव जैन, सुखानन्द काला, जी सी जैन, पारस जैन पार्श्वमणि आदि ने किया। ब्रह्मचारिणी पल्लवी दीदी द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया।

मुनि जयकीर्ति महाराज के पाद पक्षालन सुनील-माया, अंकित-प्रियंका, अभिनव-कल्पना, आयुष-पायल संगही परिवार राजा श्रेणिक परिवार एवं एडवोकेट राजेश-संगीता काला, मुनि भक्त शांति कुमार-मीना पाटनी ने कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कथा के मुख्य श्रोता राजा श्रेणिक के रुप में सूर्य प्रकाश-कृष्णा, अनुज-नीरु, मिलिंद-गुंजन छाबड़ा, ईशान-तनु गोधा, खुशी, काश्वी, रिनाया छाबड़ा परिवार का गाजों बाजों के साथ सभागार में जयकारों के बीच आगमन हुआ।

## श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान की मंज्जिनेन्द्र जिनबिंब वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ ध्वजारोहण व मंगल घट यात्रा के साथ



**ब्यावर ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, सुधा सागर कॉलोनी, अजमेर रोड, ब्यावर में आज से तीन दिवसीय मंज्जिनेन्द्र जिनबिंब वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। महोत्सव की शुरुआत भव्य मंगल कलश घट यात्रा एवं ध्वजारोहण समारोह के साथ हुई। यह महोत्सव संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा एवं आचार्य गुरुदेव 108 श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद तथा निर्यापक श्रमण मुनि पूज्य श्री 108 सुधासागर जी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया (अशोक नगर) प.अरुण जी शास्त्री प.घनश्याम जी शास्त्री सान्निध्य में होने जा रहा है।

भव्य मंगल कलश यात्रा का आयोजन- मीडिया प्रभारी श्री अमित गोधा ने बताया कि आज प्रात:काल अमर कुंज से शुरू हुई मंगल कलश यात्रा, अजमेर रोड़ केशव नेन मेरिज गार्डन होते हुए श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुँची। मंदिर प्रांगण में जम्बूकुमार मनीष कुमार रावका परिवार द्वारा महोत्सव का ध्वजारोहण किया गया। सौभाग्यशाली परिवारों का सम्मान- महोत्सव में जिनशासन सेवा का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सौभाग्यशाली परिवारों का विशेष बहुमान किया गया। सौधर्म इन्द्र निर्मल कुमार, पदमा शाह, मांडलगढ़ वाले कुबेर इन्द्र जितेन्द्र-अलका ठोलीया परिवार।

महायज्ञ नायक- रूपचन्द्र, रेणुका कासलीवाल परिवार ईशान देव- अशोक कुमार, उज्ज्वल कुमार, पुष्प काला, सानत कुमार इंद्र मनोज, धीरज, कासलीवाल माहेन्द्र इन्द्र-पारसमल-मंजू कासलीवाल अन्यइन्द्र देव- मुकुट बिहारीजी, संदीपजी जैन (अलवर), राजेन्द्र मधु गंगवाल, आनन्द मैना गंगवाल, टीकमचंद पिंकी गंगवाल, कमलकुमार अनीता रावका, सुभाष, मैना पहाड़ियां, रूपचन्द्र, कमला देवी कांटीवाल, शकुन्तला- अभिषेक पाटनी, रूपचंद, चंद्रकांता छाबड़ा, राजेंद्र, कविता गंगवाल, पदमचंद-छोटी देवी गंगवाल परिवार रहे।

## श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ) में 16वें तीर्थंकर शांतिनाथ भगवान के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव दिवस पर निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ) में आज ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशी, 2551 दिनांक 26 मई सोमवार को जगत शांति प्रदाता 16 वे तीर्थंकर श्री शांतिनाथ भगवान का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव भक्तिमय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू एवं मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 8.30 बजे बड़ा मंदिर की श्री पार्श्वनाथ बेदी के समक्ष श्री शांतिनाथ भगवान को पाण्डुक शिला में विराजमान कर, प्रासुक जल मंत्रोंचार से शुद्ध कर रजत कलशों से जल अभिषेक उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधुओ द्वारा किया गया। तत्पश्चात संपूर्ण विश्व में सुख समृद्धि एवं शांति बने रहे इस भावना के साथ सुख शांति समृद्धि प्रदाता चमत्कारिक शांतिधारा की गई। आज की शांति धारा करने का सौभाग्य श्रेयश जैन बालू को प्राप्त हुआ। आज की शांति धारा का शुद्ध उच्चारण धीरज जैन जैन गोधा द्वारा किया गया। इसके बाद नित्य नियम से अष्ट द्रव्यों से निर्मित अर्घ्य से सर्वप्रथम श्री देव शास्त्र गुरु पूजन शांतिनाथ भगवान की पूजा के साथ निर्वाण कांड पढ़ कर मंत्रोच्चार के साथ मोक्ष कल्याणक महोत्सव पर 16 वे तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ का निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। भगवान शांतिनाथ के जयकारों से पूरा जिनालय गुंजायमान हो गया। अंत में विसर्जन पाठ पढ़ कर पूजन विसर्जन किया गया।

**16 वे तीर्थंकर श्री शांति नाथ भगवान का संक्षिप्त जीवन परिचय**- जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर शांतिनाथ जी का जन्म हस्तीनापुर नगर में हुआ था। उनके जन्म से ही चारों ओर शांति का राज कायम हो गया था। अकूत संपदा के मालिक रहे राजा शांतिनाथ ने सैकड़ों वर्षों तक पूरी पृथ्वी पर न्यायपूर्वक शासन किया।

## ईमानदार और साहसी लोगों से ही घर, परिवार और समाज का भला हो सकता है : आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज



**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज की उत्तराखण्ड के बद्रिनाथ से हरिद्वार ओर हरिद्वार से तरूण सागरम तीर्थ दिल्ली अहिंसा संस्कार पदयात्रा चल रही है आज भारत गौरव साधना महोदधि सिंहनिष्कड़ित व्रत कर्ता अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज एवं सौम्यमूर्ति उपाध्याय 108 श्री पीयूष सागर जी महाराज ससंघ का पदविहार श्री आदिनाथ अतिथि भवन देवगन से मैपल्स एकडेमी, हाइवे पर दुरी-5.00km के लिए होगा। विहार दरम्यान उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज ने कहा कि सुख, शांति, प्रेम और प्रसन्नता का अर्थ लड़ना झगड़ना नहीं है, बल्कि उन बुराइयों से कुशलता पूर्वक दूर हो जाना, जिन बातों से सुख, शान्ति, प्रेम, प्रसन्नता कम हो रही हो। क्योंकि अभिमानकी ताकत फरिश्तों को भी शैतान बना देती है। और सरलता, विनम्रता, प्रसन्नता साधारण व्यक्ति को भी फ़रिश्ता बना देती है। मैं मानता हूँ संसार में बुराईयाँ है। पर तुमने कभी सोचा कि बुराइयाँ क्यो है? दुनिया में बुराईयाँ इसलिये नहीं है कि बुरे आदमी ज्यादा बोलते हैं बल्कि इसलिये है कि भले आदमी समय पर चुप रह जाते हैं। आज हमने गलत को गलत कहने की हिम्मत खो दी है। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## मेटस विश्वविद्यालय स्मार्ट जल, सशक्त गाँव जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को जल सुरक्षा हेतु सशक्त बनाने का कार्य कर रहा




**आरंग/रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़-मेट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी (MSEIT), आरंग, मेट्स विश्वविद्यालय, (NAAC द्वारा मान्यता प्राप्त A+ ग्रेड, मध्य भारत) द्वारा ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ के सहयोग से स्मार्ट जल, सशक्त गाँव : जल सुरक्षित भविष्य के लिए ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाना विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अमेठी ग्राम, आरंग में किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामवासियों, छात्रों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डॉ. आशा अम्भाईकर, निर्देशक, रूस्श्वद्बञ्ज ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच श्रीमती कामेश्वरी बानो एवं ग्राम पंचायत के सदस्यों के साथ किया गया। श्री अमिताभ दुबे, प्रदेश अध्यक्ष, ग्रीन आर्मी, श्रीमती बबीता गांगने, प्रदेश समन्वयक, एवं महानिर्देशक श्रीमान प्रियेश पगारिया जी ने जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास पर अपने विचार साझा किए।

श्रीमान गजराज पगारिया जी, कुलाधिपति, मेट्स विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपनाए गए गाँवों के लिए भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. के. पी. यादव, कुलपति, ने जल प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि कुलसचिव श्रीमान गोकुलानंद पांडा जी ने जल संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया।

MSEIT के विभिन्न शाखाओं- ऐरोनॉटिकल, मैकेनिकल, सिविल, माइनिंग और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग- के छात्रों ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में इस मुहिम को आगे बढ़ाने की शपथ ली, कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया कि आने वाले समय में और भी कई जागरूकता शिविर एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे जल संरक्षण एवं स्थायी ग्रामीण भविष्य सुनिश्चित किया जा सके।

## मैक सॉलिटेयर-महिला सशक्तिकरण की दिशा में, महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज की एक सराहनीय पहल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक), समता कॉलोनी रायपुर में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी महिलाओं के लिए ग्रीष्मकालीन निःशुल्क प्रशिक्षण कक्षाएं आयोजित की गई है जिसे मैक सॉलिटेयर कहा जाता है। इस वर्ष 15 अप्रेल से 30 मई तक शाम 4:00 से 5:30 तक प्रशिक्षण कक्षाएं आयोजित किया गया है। महिला सशक्तिकरण और उनके समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए, महाराजा अग्रसेन कॉलेज ने सॉलिटेयर नामक एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को न केवल आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि उन्हें जीवन के विभिन्न आयामों में दक्षता प्रदान करना भी है। मैक सॉलिटेयर के सम्पूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के चेयरमैन श्री रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमेन श्री राजेश अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. एम.एस.मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा हैं।

अब तक सॉलिटेयर कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षको द्वारा विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है- इस प्रशिक्षण कक्षा में प्रशिक्षक के रूप में मीनाक्षी त्रिपाठी के द्वारा महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन और बचत की कला सिखाई गई, ताकि वे अपने आर्थिक निर्णयों को बेहतर ढंग से ले सकें। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षक के रूप में डॉ. राजीव चैधरी के द्वारा महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से सक्षम बनाया गया। इस कार्यशाला में प्रशिक्षक के अंजलि शर्मा प्रशिक्षक के रूप में नेतृत्व कौशन को निखारते हुए महिलाओं को आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। व्यक्तित्व विकास के साथ संतुलित जीवन को प्रशिक्षक के रूप जेसी रचनी चंद्रवंशी जोन ट्रेनर ने महिलाओं को प्रभावी संवाद, व्यवहार एवं आत्म-अभिव्यक्ति की कला सिखाई गई।

## सरकार के युक्त-युक्तिकरण का विरोध, शैक्षिक संगठनों ने की मंत्रालय घेरने की तैयारी

**शिक्षक साझा मंच ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रक्रियाधीन युक्तियुक्तकरण और उसके मापदंड व विसंगतियों के विरोध में 28 मई को शैक्षिक संगठनों द्वारा मंत्रालय घेराव की तैयारी की जा रही है। इस सबंध में आज प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता की गई। इस इस बीच शालेय शिक्षक संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े कई मुद्दे उठाए हैं। इन मुद्दों पर विभाग के समक्ष अधिकारियों से जवाब की मांग की गई है। शिक्षक साक्षा मंच ने बताया कि 53 हजार से अधिक शिक्षक के पद खाली, फिर भी युक्तियुक्तकरण कर रही है। संघ इसका पूरजोर विरोध करेगा।

**संगठनों ने बनाया साझा मंच**- संघ के पदाधिकारी ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाओं का समायोजन कर रहा है। विभाग शिक्षकों के पदों में कटौती कर रहा है। प्राथमिक शाला में पांच कक्षाओं के लिए केवल दो शिक्षक और पूर्व माध्यमिक शाला में तीन शिक्षक रखे जा रहे हैं। शिक्षक संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर समाधान नहीं निकला तो वे 28 मई को मंत्रालय का घेराव करेंगे। यदि सरकार ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया रद्द नहीं की और शिक्षक संगठनों से वार्ता नहीं की, तो पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन होगा।

**शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित**- शिक्षकों को शैक्षणिक कार्य के अलावा अन्य कार्य भी करना पड़ता है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि इससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। साथ ही पालकों का सरकारी स्कूलों से भरोसा भी टूटेगा।

**युक्तियुक्तकरण को रद्द करने की मांग**- शिक्षक संगठनों ने सरकार को संयुक्त ज्ञापन सौंपा है। उनकी प्रमुख मांगों में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को रद्द करना, सोना साहू प्रकरण की तर्ज पर सभी शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान देना और प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा लाभ शामिल हैं।

## एनआईटी रायपुर ने 'इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज विथ अ प्रैक्टिकल एप्रोच : साइबर सुरक्षा एंड एआई/एमएल' पर 5 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का किया उद्घाटन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग ने 26 मई 2025 को भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) द्वारा प्रायोजित 'इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज विथ अ प्रैक्टिकल एप्रोच- साइबर सुरक्षा एंड एआई/एमएल' पर 5 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (हाइब्रिड मोड) के लिए उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम ई एंड आईसीटी अकादमी एनआईटी वारंगल (हब संस्थान) और ई एंड आईसीटी अकादमी एनआईटी रायपुर (स्पोक संस्थान) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) ए. के. तुरुक (सीएसई विभाग, एनआईटी राउरकेला) और विशेष अतिथियों में प्रो. (डॉ.) पी. श्रीहरि राव (ईसीई विभाग, एनआईटी वारंगल), डॉ. टी. मीनपाल (विभागाध्यक्ष, ईसीई, एनआईटी रायपुर) उपस्थित रहे। एफडीपी के समन्वयकों में डॉ. बी. आचार्य (ईसीई विभाग, एनआईटी रायपुर) और डॉ. ए. एस. रघुवंशी (ईसीई विभाग और ईएंडआईसीटी अकादमी, एनआईटी रायपुर के मुख्य अन्वेषक) शामिल रहे।

इस कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. बी. आचार्य द्वारा एफडीपी के उद्देश्यों और संरचना का परिचय देने से हुई। डॉ. ए. एस. रघुवंशी ने ईएंडआईसीटी अकादमी की भूमिका और पहलों पर प्रकाश डाला। डॉ. टी. मीनपाल ने शोध और नवाचार में ईसीई विभाग के दृष्टिकोण का अवलोकन प्रदान किया। मुख्य अतिथि, प्रो. (डॉ.) पी. श्रीहरि राव ने अकादमिक जुड़ाव को आगे बढ़ाने में इस एफडीपी के महत्व को संबोधित किया, जबकि मुख्य अतिथि, प्रो. (डॉ.) ए. के. तुरुक ने आज के विकसित डिजिटल परिदृश्य में साइबर सुरक्षा और एआई/एमएल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि ये वर्तमान समय की आवश्यकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### महारानी जिला चिकित्सालय में नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ की सुविधा



**जगदलपुर (विश्व परिवार)।** बस्तर जिलेवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ करते हुए, महारानी जिला चिकित्सालय जगदलपुर में नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध है। यह सुविधा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसामान्य की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन बस्तर के पहल पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सक की पदस्थापना 14 मई से की गई है।

जिले के नागरिकों को सामान्य से लेकर जटिल नाक, कान एवं गला रोग संबंधी समस्याओं के लिए दूरस्थ के अस्पतालों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। ईएनटी विशेषज्ञ सप्ताह के प्रत्येक दिन ओपीडी समय में महारानी जिला चिकित्सालय जगदलपुर में मरीजों की जांच व उपचार कर रहे है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने सुविधा की जानकारी देते हुए बताया कि यह सुविधा जिला स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी तथा समय पर उपचार मिलने से मरीजों को राहत मिलेगी डॉ नवनीत सिंह द्वारा 14 मई 2025 को उपस्थिति महारानी जिला चिकित्सालय जगदलपुर में देते हुए एक सप्ताह में 121 नांक, कान एवं गला (श्वहज्ञ) मरीजों का उपचार कर लाभान्वित किया है तथा चिकित्सालय में बाह्य रोगी विभाग के साथ सर्जरी की सुविधा भी उपलब्ध है।

### 'कलेटर ने एकमुश्त 3 माह का चावल वितरण करने के निर्देश दिए

**जशपुरनगर (विश्व परिवार)।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफ्एसए) छत्तीसगढ़ खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम (सीजीएफ्एसए) एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना (एमकेएसवाय) के राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून, 2025 से अगस्त 2025 कुल 3 माह के लिए पात्रता अनुसार चावल का आबंटन जारी किया गया है। जिसका वितरण राशनकार्ड हितग्राही को ई-पॉस से माह जून, 2025 में एकमुश्त किया जाना है। कलेक्टर रोहित व्यास ने इसके लिए पूर्व में गठित निगरानी समितियों के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में 07 जून 2025 से 10 जून 2025 के मध्य चावल उत्सव मनाये जाने हेतु निर्देश जारी कर निगरानी समिति के समक्ष हितग्राहियों को चावल का वितरण कराया जाए साथ ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार एवं गावों में मुनादी करवाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश जारी कर कहा है कि वितरण के दौरान पात्र हितग्राहियों को पात्रता अनुसार निर्धारित मात्रा में एकमुश्त 3 माह का चावल प्राप्त हो रहा है कि नहीं इस हेतु विकास खण्ड स्तर पर दुकानवार निरीक्षणकर्ता अधिकारी की नियुक्ति करें। वितरण के दौरान उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉस मशीन में प्रत्येक माह की राशन सामग्री के उठाव हेतु हितग्राही को बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की सुविधा एईपीडीएस में दी गयी है साथ ही प्रत्येक माह के प्रदाय चावल की वितरण रसीद भी ई-पॉस मशीन से जेनरेट कर हितग्राही को प्रदाय कराया जाना भी सुनिश्चत करावें।

# पति की लंबी उम्र और परिवार की खुशहाली के लिए सुहागिनों ने किया वट वृक्ष का पूजन

### गरियाबंद में आस्था, शक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** हिंदू संस्कृति की गहराइयों में रची-बसी आस्था, शक्ति और परंपरा का अद्भुत संगम सोमवार को गरियाबंद नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिला। अवसर था वट सावित्री व्रत का, जिसे सुहागिन महिलाओं ने पूरे श्रद्धा भाव और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया।

सुबह से ही नगर की गलियों और मंदिरों के प्रांगण में रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं वट वृक्ष की छांव में एकत्र होने लगीं। काली मंदिर, शिव मंदिर (फॉरेस्ट परिसर) और गांधी मैदान शिक्षक नगर जैसे स्थलों पर विशेष भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने वट वृक्ष की 12 बार परिक्रमा कर कच्चा सूत बांधा और पति की दीर्घायु, संतान सुख तथा पारिवारिक समृद्धि की कामना की।

### निर्जला उपवास और विधिपूर्वक पूजा

व्रत रखने वाली महिलाओं ने दिनभर निर्जला रहकर अपनी आस्था को दृढ़ता दी। सायंकाल व्रत विधि संपन्न करने के पश्चात ही उन्होंने अन्न-जल ग्रहण किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी इन महिलाओं की भक्ति और समर्पण देखते ही बनता था।

इस बार वट सावित्री व्रत को लेकर नवविवाहिताओं में खासा उत्साह देखा गया। नई दुल्हनों ने सोलह श्रृंगार कर व्रत की पूर्ण विधि-विधान से पूजन कर अपने नए जीवन की शुरुआत को यादगार बनाया। पूजा स्थलों पर उनकी उपस्थिति ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया।

### व्रत की महिमा पर बुजुर्गों का मार्गदर्शन

बुजुर्ग महिला श्याम कली तिवारी ने इस पर्व की पौराणिक महत्ता को साझा करते हुए बताया कि वट सावित्री व्रत उस अद्भुत प्रेम और तपस्या की कहानी है, जब सावित्री ने अपने पति सत्यवान को यमराज से वापस पाया था। यह व्रत नारी शक्ति और अटूट विश्वास का प्रतीक है। भारती सिन्हा, जो पिछले 22 वर्षों से यह व्रत कर रही हैं, ने कहा कि यह परंपरा सिर्फ धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि अपने जीवनसाथी के लिए प्रेम और समर्पण का पर्व है। हर बार यह मुझे आत्मिक बल और शांति देता है।

वर्षा तिवारी, एक अन्य व्रती महिला ने बताया कि यह पर्व हमें अपनी संस्कृति से जोड़ता है। पूजा करते हुए लगता है जैसे खुद सावित्री की उस तपस्या का हिस्सा बन रहे हों।

राधिका सिन्हा, जो खास इस अवसर पर अपने मायके आई थीं, ने कहा कि मायके में यह व्रत करना बचपन की स्मृतियों को ताजा कर गया। भाभियों और बहनों संग व्रत करना एक अनमोल अनुभव रहा। इस अवसर पर लालिमा ठाकुर, सविता देवांगन, डॉली ठाकुर, किरण सिन्हा, संध्या सोनी, रेणुका सिन्हा, मोनिका सिन्हा, सुमन लता केला, मंजू निर्मलकर, सीमा मिरी, मिलेश्वरी साहू, रूपाली सोनी, सैल सेन, साधना सेन सहित बड़ी संख्या में सुहागिनों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्यता प्रदान की।

# समाधान शिविर में 1472 मांग तथा 32 शिकायत आवेदनों का निराकरण



**दंतेवाड़ा (विश्व परिवार)।** विगत दिवस जनपद पंचायत कुआकोंडा के ग्राम पंचायत नकुलनार में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें रेंगानार, गडमिरी, नकुलनार, श्यामगिरी, खुटेपाल, कुआकोंडा के ग्रामीण जन शामिल हुये।

इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों में जिला पंचायत दंतेवाड़ा के अध्यक्ष नंदलाल मुडामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, सहित अन्य जनप्रतिनिधि पंचायत के सरपंच, एवं पंच उपस्थित रहे। समाधान शिविर में 27 विभागों से कुल 1519 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 1487 मांग व 32 शिकायत थे, जिसमें 1472 मांग तथा 32 शिकायत आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया तथा अन्य लंबित मांगों को शासन स्तर पर प्रेषित किया गया। नकुलनार सुशासन तिहार कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 13 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई किया गया तथा 07 नव जात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकाल कर प्रचार प्रसार किया गया। इसके अलावा पीएचई विभाग द्वारा 05 ग्रामो को पीने का साफ पानी जांच मशीन किट, खाद्य विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को राशन कार्ड प्रदाय किया गया, साथ ही लोक सेवा गारंटी अन्तर्गत 17 लोगों का आधार अपडेट किया गया एवं 3 नया आधार बनाने के लिए पंजीयन किया गया। इस क्रम में कृषि विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को स्पेयर पंप - कृषि कार्ड 05 को दिया गया।

# कलेक्टर उइके की मानवीय पहल से बदली पाँच अनाथ मासूमों की किस्मत

### कमार आवासीय विद्यालय बना इन बच्चों के सपनों का नया ठिकाना



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** जिंदगी जब अंधेरे में डूबने लगे, तब एक संवेदनशील नेतृत्व ही उम्मीद की रौशनी बनता है। गरियाबंद के कलेक्टर बी. एस. उइके ने ऐसा ही एक मानवीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। छुरा विकासखंड के मुड़ागांव में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के पाँच मासूम अनाथ बच्चों की जिंदगी को एक नई दिशा देने का श्रेय उन्हीं को जाता है।

समाचार पत्र में बच्चों की पीड़ा और असहाय अवस्था की खबर पढ़ते ही कलेक्टर ने तुरंत संज्ञान लिया और जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। प्रशासन की त्वरित कार्यवाही से अब ये पाँचों बच्चे गरियाबंद के कमार आवासीय विद्यालय में न सिर्फ सुरक्षित हैं, बल्कि शिक्षा, आवास और भोजन जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी संपन्न हैं।

इन बच्चों को अब नि:शुल्क आवास, पोषणयुक्त भोजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। साथ ही, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना के तहत प्रत्येक बच्चे को प्रति माह 4,000 रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी, जो इनके भविष्य को एक मजबूत आधार देगा। अधिकारियों ने स्वयं जाकर बच्चों की परिस्थितियों का जायज़ा लिया और आदिवासी विकास विभाग की त्वरित पहल से उन्हें तत्काल विद्यालय में दाखिला दिलाया गया। यह पहल न सिर्फ प्रशासनिक संवेदनशीलता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि शासन वंचित और असहाय बच्चों की शिक्षा और जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## देवभोग में बीजेपी मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** भारतीय सेना की बहादुरी और हालिया ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता को समर्पित करते हुए भारतीय जनता पार्टी मंडल देवभोग ने नगर में 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया। यह यात्रा पाकिस्तान के कायराना हमलों के जवाब में भारतीय सेना की निर्णायक कार्रवाई और देश की अखंडता के सम्मान में आयोजित की गई। यात्रा के जरिए नगरवासियों को देशप्रेम और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष जगमोहन पटेल, जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद यादव, किसान मोर्चा महामंत्री अनिल बेहरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिक यात्रा में शामिल हुए। पूरा नगर तिरंगे और देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। समाजसेवी और भाजपा नेता डॉ. अरविंद नाथ तिवारी ने इस अवसर पर कहा, यह तिरंगा यात्रा देश के वीर जवानों के सम्मान में है। ऑपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया कि भारत अब किसी भी आतंकी हमले का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। मोदी सरकार की नीति और भारतीय सेना की वीरता ने देश की सुरक्षा को नया आत्मविश्वास दिया है। यात्रा में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर में जगह-जगह तिरंगे फ्हराए और देश की रक्षा में लगे जवानों को नमन किया।

# रेलवे की बैठक में यात्री सुविधाओं-सेवाओं पर दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय बिलासपुर में 26 मई को 20वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की प्रथम बैठक सौहार्दपूर्ण और सहयोगात्मक माहौल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने की। इस मौके पर दो सांसदों सहित समिति के 19 सदस्य और रेलवे विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने रेलवे की हालिया उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी साझा की। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 47 स्टेशनों के उन्नयन की योजनाओं पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि रेलवे यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सुरक्षित रेल संचालन और सेवाओं के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।

### सदस्यों के सुझाव और चर्चाएं

बैठक में सदस्यों ने यात्रियों की सुविधा को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इनमे ट्रेनों के ठहराव में सुधार, नए रूटों पर सेवाएं शुरू करना, प्रमुख ट्रेनों का विस्तार और स्टेशन स्तर पर मूलभूत सुविधाओं का विकास शामिल थे।

उप महाप्रबंधक (सा.) समीरकांत माथुर, जो ंक्रष्टष्ट के सचिव भी हैं, ने एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रेलवे की उपलब्धियों और सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समिति सदस्यों के सुझावों का रेलवे प्रशासन परोक्ष रूप से लाभ उठा रहा है। बैठक में सांसद विजय बघेल (दुर्ग) और देवेन्द्र प्रताप सिंह (राज्यसभा, रायगढ़) सहित लोकेश साहू, मौनिल अशोक जैन, राजेन्द्र जग्गी — चेंबर ऑफ कॉमर्स, राकेश मिश्रा — क्क्र प्रतिनिधि, सेवक भाऊ कारेमोरे, राजेन्द्र सोनी, दीपक शर्मा — पैसेंजर एसोसिएशन, डॉक्टर क्रांति खूँटे — उपभोक्ता संगठन, कुलवंत सिंह सलूजा — विकलांग कल्याण संगठन, दीपक ठाकुर — केंद्रीय मंत्री प्रतिनिधि, मधुसूदन रुंगटा, मुकेश तिवारी, भास्कर पराते, आर्यन ओहरी, निमाई बनर्जी — रेल मंत्रालय के विशेष हितों के प्रतिनिधि, माया नारोलिया और प्रदीप पुरोहित के प्रतिनिधि सहित संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा निराकरण किया गया। साप्ताहिक जनदर्शन में 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिसके त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

मंथन सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में आज तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खरकेना के सरपंच द्वारा स्ट्रीट लाइट के मांग संबंधी आवेदन दिए। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की जनसंख्या 5000 के ऊपर है और बिजली की समस्या हमेशा बनी रहती है, बिजली व्यवस्था न होने से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। कलेक्टर ने आवेदन सीईओ जिला पंचायत को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मस्तूरी विकासखंड के ग्राम पंचायत कर्रा के सरपंच द्वारा क्षतिग्रस्त विद्युत पोल के सुधार एवं केबल तार में शॉट सर्किट होने के संबंध में आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि 4 बिजली के खंभो के दुर्घटना से टूटने के कारण ग्रामीणों के घरों के ऊपर केबल तार लटका है जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। कलेक्टर ने आवेदन सीएसपीडीसीएल विभाग को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने कहा। तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत अमसेना के ग्रामीणों ने ग्राम के सरपंच द्वारा व्यर्थ में तालाब से पानी निकालने संबंधी शिकायत कलेक्टर से की। उन्होंने बताया कि सरपंच द्वारा मछली मारने व चिड़ मिट्टी के बेचने के उद्देश्य से तालाब से पानी निकाला जा रहा है। कलेक्टर ने आवेदन जिला पंचायत सीईओ को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कोटा विकासखंड के ग्राम पंचायत धूमा के ग्रामीणों ने बताया कि वन भूमि में कुछ लोगों द्वारा जबरदस्ती काबिज कर वन अधिकार पट्टा बनवाने के लिए आवेदन किया गया है जिसे निरस्त करने संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिया गया। कलेक्टर ने कोटा एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मस्तूरी विकासखंड के ग्राम पंचायत धनगवां निवासी रामफ्ल भारद्वाज ने पंचायत जांच दल के द्वारा झूठे रिपोर्ट तैयार कर दोषियों को बचाने संबंधी शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत गुनसरी के सरपंच एवं ग्रामीणों द्वारा गुनसरी के आश्रित ग्राम लिम्ही के शासकीय तालाब व गौठान को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिए। कलेक्टर ने आवेदन एसडीएम तखतपुर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। महामाया विहार निवासी आरती रजक ने अन्य व्यक्तियों द्वारा निस्तारी रास्ता जो कि शासकीय भूमि है उस पर अवैध रूप से कब्जा कर बोर एवं भवन निर्माण कराने संबंधी शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर ने नगर निगम कमिश्नर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बहतराई निवासी मंजू ठाकुर द्वारा प्रगति विहार स्थित दुकान को मुख्यमंत्री स्वावलंबन महिला समृद्धि के तहत आबंटन कराने संबंधी आवेदन दिया गया। इस मामले में कलेक्टर ने नगर निगम कमिश्नर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मस्तूरी विकासखंड के ग्राम परसदा निवासी अश्वनी कुमार द्वारा अपने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी आवेदन दिया गया।

# खनिज रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई, 1 जेसीबी जब्त

**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। 25 मई को को खनिज अमला बिलासपुर द्वारा जोंधरा, गोपालपुर, अमलडीहा, उदइबंद एंव अन्य क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की लगातार जांच की गई। जोंधरा क्षेत्र से खनिज रेत का उतखनन करते 01 जेसीबी को जप्त कर थाना पचपेड़ी को सुपुर्द किया गया। खनिजों के अवैध खनन,परिवहन,भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही लगातार जारी है।



## टी20 मुंबई लीग 2025 के टिकटों की बिक्री शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने शनिवार को आधिकारिक तौर पर बहुप्रतीक्षित टी20 मुंबई लीग 2025 के लिए टिकटों की बिक्री शुरू की, जो 4 से 12 जून तक दो प्रतिष्ठित स्थानों – वानखेड़े स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। टिकटें डिस्ट्रिक्ट बाय जोमैटो पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत लेवल 1 के लिए 100रुपये, लेवल 2 के लिए 300 रुपये और गरवारे पैवेलियन लेवल 2 के लिए 400 रुपये है। भारत के प्रमुख घरेलू फ्रेंचाइज-आधारित टी20 टूर्नामेंटों में से एक, टी20 मुंबई लीग, शहर की बेहतरीन क्रिकेट प्रतिभाओं की भागीदारी के साथ छह साल के अंतराल के बाद अपनी वापसी पर एक शानदार शो का वादा करती है। प्रशंसक भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे और पृथ्वी शॉ सहित अंतरराष्ट्रीय सितारों को देखने के लिए उत्सुक हो सकते हैं। सीजन 3 में मुंबई के उभरते हुए खिलाड़ी जैसे मुशीर खान और अंगकृष रघुवंशी भी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, एमसीए वंचित बच्चों और बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) स्कूलों के छात्रों को भी आमंत्रित करेगा, जिससे उन्हें मैचों का लाइव अनुभव करने और बड़े सपने देखने की प्रेरणा मिलेगी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 23 रोमांचक मैच होंगे, जिसमें नॉर्थ मुंबई पैंथर्स (होराइजन स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड), एआरसीएस अंधेरी (आर्क्स स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड), ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट (ट्रांसकॉन ट्रायम्फ नाइट्स प्राइवेट लिमिटेड), बांद्रा ब्लास्टर्स (पीके स्पोर्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड), ईगल थाने स्ट्राइकर्स (ईगल इंफ्रा इंडिया लिमिटेड), आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्बस (वर्ल्ड स्टार प्रीमियर लीग एलएलपी), सोबो मुंबई फाल्कन्स (रोडवे सॉल्यूशंस इंडिया इंफ्रा लिमिटेड) और मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स (रॉयल एज स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट) खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। लीग चरण के दौरान हर दिन चार मैच खेले जाएंगे, प्रत्येक स्थल पर दो। वानखेड़े स्टेडियम में दोपहर 2.30 बजे और शाम 7.30 बजे मैच खेले जाएंगे। सेमीफाइनल और फाइनल क्रमशः 10 जून और 12 जून को वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे।

## आईपीएल 2025 प्लेऑफ से पहले आरसीबी लिए खुशखबरी



**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सबसे सफल गेंदबाज जॉश हेजलवुड कंधे की चोट से उबरने के बाद यहां लौट आए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जॉश हेजलवुड के वापसी की जानकारी देते हुए कहा कि उसके तेज गेंदबाज हेजलवुड प्लेऑफ में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया से भारत वापस लौट आए है। हेजलवुड इस सत्र में आरसीबी के सबसे अच्छे गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 17.27 की औसत और 8.44 की इकॉनमी से 18 विकेट लिये है और आईपीएल 2025 में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, लेकिन शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद से साथ उच्च स्कोर वाले मुकाबले में हार के बाद उसके आईपीएल की अंक तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद को झटका लगा था। ऐसा माना जा रहा है कि ऐसे समय में हेजलवुड की वापसी उसके लिए उपयोगी सिद्ध होगी। आईपीएल के एक सप्ताह के लिए स्थगित किये जाने पर वह ऑस्ट्रेलिया लौट गए थे। वहां वह रिहैब करने के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तैयारी के तहत ब्रिस्बेन में अभ्यास भी कर रहे थे।

### टीम इंडिया में सात साल बाद वापसी पर करुण की पहली प्रतिक्रिया, बोले-

# बहुत समय से इस पल का इंतजार था

**जयपुर, एजेंसी।** करुण ने शनिवार को आईपीएल में दिल्ली से खेलते हुए पंजाब के खिलाफ 27 गेंद में 44 रन बनाए। दिल्ली ने जीत के लिए 207 रन का लक्ष्य 19.3 ओवर में हासिल कर लिया। 33 वर्षीय करुण ने 2024-25 सत्र में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया और इसका इनाम उन्हें भारतीय टीम में चयन के रूप में मिला।

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। अगले महीने 20 जून से शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति ने 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की। शुभमन गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। वहीं, इस टीम में करुण नायर की भी वापसी हुई है। करुण सात साल बाद भारतीय टीम में चुने गए हैं। अगर वह मैदान पर उतरते हैं तो आठ साल बाद भारत के लिए कोई टेस्ट खेलते दिखेंगे। टीम में चुने जाने के बाद करुण की पहली प्रतिक्रिया भी सामने आई है। करुण ने खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें इसका लंबे समय से इंतजार था।

### करुण ने दिल्ली के लिए खेली मैच जिताऊ पारी

करुण ने शनिवार को आईपीएल में दिल्ली से खेलते हुए पंजाब के खिलाफ 27 गेंद में 44 रन बनाए। दिल्ली ने जीत के लिए 207 रन का लक्ष्य 19.3 ओवर में हासिल कर लिया। 33 वर्षीय करुण ने 2024-25 सत्र में घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया और इसका इनाम उन्हें भारतीय टीम में चयन के रूप में मिला। उन्होंने भारत के लिए पिछली बार 2017 में खेला था। 2018 में इंग्लैंड सीरीज के लिए वह स्क्वॉड में तो थे, लेकिन एक भी मैच नहीं खेल पाए थे।

### हम इस सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके

करुण ने पंजाब के खिलाफ मैच के बाद कहा, शानदार लग रहा है और हम इस जीत के हकदार थे। हम इस सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके, लेकिन इस मैच में हमने दिखा दिया कि हमारी टीम अच्छी थी लेकिन कुछ मैच




खराब गए। अपने प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा, मैं काफी रन बनाकर आईपीएल में आया था। आत्मविश्वास की कमी नहीं थी। पारी में बहुत जल्दी बड़े शॉट खेल रहा था जिस पर कोच ने अपना समय लेकर फिर आक्रामक खेलने की सलाह दी।

### करुण को तिहरा शतक के बावजूद बाहर किया गया

करुण को 2017 में टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने के बावजूद टीम से बाहर कर दिया गया था। वह भारत के लिए तिहरा शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज है। टेस्ट टीम में चयन के बारे में उन्होंने कहा, बहुत शुक्रगुजार हूं कि वापसी कर सका। खुशकिस्मत हूं कि यह मौका मिला। मुझे भी आप लोगों की ही तरह पता चला। मैं लंबे समय से इसका इंतजार कर रहा था। बहुत सारे बधाई के संदेश मिले हैं।

### क्रिकेट में सबसे जबरदस्त वापसी में से एक

करुण की वापसी क्रिकेट में सबसे जबरदस्त वापसी में से एक है। भारत के लिए छह टेस्ट मैचों में उन्होंने 62.33 की औसत से 374 रन बनाए थे। इसमें एक तिहरा शतक शामिल है। इस दौरान सात पारियों में उनका स्कोर- 4, 13, 303*, 26, 0, 23 और 5 रन का रहा है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में करुण ने 49.16 की शानदार औसत से 8211 रन बनाए हैं। इनमें 23 शतक और 36 अर्धशतक शामिल हैं। तिहरे शतक के बावजूद उन्हें दरकिनार कर दिया गया।

### करुण को तैयारी का अच्छा मौका भी मिलेगा

इसके अलावा वह दो वनडे भी खेल चुके हैं। 2016 में उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे में दो मैच खेले थे। इसमें उन्होंने कुल मिलाकर 46 रन बनाए थे। करुण को इंग्लैंड सीरीज से पहले तैयारी का अच्छा मौका भी मिलेगा। वह इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों के लिए भारतीय-ए टीम का हिस्सा हैं, जिसकी शुरुआत 30 मई से कैंटबरी में होगी। भारत-ए टीम 13 से 16 जून तक बेकेनहैम में सीनियर टीम के साथ एक इंट्रा-स्क्वॉड मैच भी खेलेगी। इंग्लैंड में भारतीय टीम के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन निश्चित रूप से इस दाएं हाथ के बल्लेबाज को लंबे समय तक टीम इंडिया में बनाए रखेगी। खासकर ऐसे समय में जब विराट कोहली और रोहित शर्मा ने प्रारूप छोड़ दिया है, करुण अच्छी पारी खेलकर इनमें से एक की जगह पर कब्जा जमाने की कोशिश करेंगे।

### रणजी में करुण के चार शतक

उनके शानदार प्रदर्शन ने विदर्भ को 2024-25 सत्र में रणजी ट्रॉफी जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने नौ मैचों में चार शतक की मदद से 863 रन बनाए। विजय हजारे ट्रॉफी (लिस्ट ए) में उन्होंने केवल आठ पारियों में 779 रन बनाये। इसमें पांच शतक शामिल थे। इन शानदार प्रदर्शनों ने भारतीय टीम में उनकी वापसी का रास्ता खोला।

# शमी के लिए बंद हुए टेस्ट में वापसी के रास्ते!

## अगरकर ने बताया उनका विकल्प कौन?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 'अमरोहा एक्सप्रेस' के नाम से मशहूर शमी 64 टेस्ट में 229 विकेट ले चुके हैं, लेकिन क्या अब वह इसमें इजाफा कर पाएंगे? फिलहाल तो ऐसा नहीं लगता। आइए जानते हैं इंग्लैंड दौरे पर शमी की कमी की भरपाई कौन सा गेंदबाज कर सकता है...

आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का एलान हो चुका है। 18 सदस्यीय टीम में अनुभवी मोहम्मद शमी को नहीं चुना गया है। उनके बाहर होने की अटकलें काफी दिनों से लगाई जा रही थीं और चयन समिति ने शनिवार को इस पर मुहर भी लगा दी। वजह यह दी गई कि शमी टेस्ट मैच का कार्यभार संभालने के लिए फिट नहीं हैं और अब टेस्ट में उनके भविष्य पर सवाल उठने भी शुरू हो गए हैं।

### शमी के लिए वापसी का रास्ता बेहद मुश्किल

'अमरोहा एक्सप्रेस' के नाम से मशहूर शमी 64 टेस्ट में 229 विकेट



ले चुके हैं, लेकिन क्या अब वह इसमें इजाफा कर पाएंगे? फिलहाल तो ऐसा नहीं लगता। ऐसा माना जा रहा है कि उनके लिए वापसी के रास्ते बंद हो चुके हैं।

भारतीय टीम के पास फिलहाल जिस प्रकार की युवा पेस बैटरी है, चयनकर्ता उन्हें ही ज्यादा से ज्यादा मौका देना चाहते हैं। शमी ने जून 2023 के बाद से कोई टेस्ट नहीं खेला है। यानी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केनिंग्टन ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल उनका पिछला टेस्ट मैच था। ऐसे में अब चयनकर्ता चाहते हैं कि शमी सिर्फ सीमित ओवर के क्रिकेट में ही खेलें। टेस्ट की तुलना में सीमित ओवर क्रिकेट में शमी का प्रदर्शन शानदार रहा है।

### अगरकर ने शमी को लेकर कही यह बात

टीम का एलान करते वक्त अगरकर ने शमी को लेकर संकेत भी दिए थे। उन्होंने कहा, वह सीरीज के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पिछले सप्ताह उसे थोड़ी चोट लगी और एमआरआई कराया गया। मुझे नहीं लगता कि वह पांचों टेस्ट के लिये उपलब्ध होने वाले थे। अभी वह इतना कार्यभार संभालने के लिए फिट नहीं हैं।

हमें उम्मीद थी कि वह कम से कम कुछ मैचों के लिए उपलब्ध होंगे, लेकिन अगर वह फिट नहीं है तो इंतजार कर पाना मुश्किल है।

### टेस्ट में गेंदबाजी के लिए फिट नहीं हैं शमी

बीसीसीआई खेल विज्ञान और मेडिकल टीम का एक प्रतिनिधि इस सप्ताह लखनऊ में था और उन्होंने कहा है कि शमी का शरीर इस समय दिन के 15 से 20 ओवर डालने और 90 ओवर खेलने के लिए फिट नहीं है। अगरकर ने भी इसी बात पर जोर दिया था कि वनडे और टी20 में चार से अधिकतम 10 ओवर डालने और टेस्ट में दिन में कम से कम 15-20 ओवर डालने में काफी अंतर है और हाल फिलहाल में शमी जिस तरह की चोट से गुजरे हैं, वह टेस्ट के लिए तैयार नहीं हैं।



# मैं सरफराज हूं इसलिए टीम से निकाल दिया? टीम इंडिया ने की नाइंसाफी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आमिर खान की 'पीके' जब आई थी, तब सिर्फ वो फिल्म ही हिट नहीं हुई थी, उस फिल्म के साथ-साथ वो डायलॉग भी हिट हुआ था- सरफराज धोखा नहीं देगा. टीम इंडिया के मामले में भी सरफराज वैसा ही निकला. उसने धोखा नहीं दिया. मगर क्या टीम इंडिया ने उसे धोखा दिया?

उसके साथ नाइंसाफी की? अगर नहीं तो फिर टीम से सरफराज को निकाला क्यों? जबकि, सरफराज का कसूर भी नहीं. वो तो ये मानकर बैठे थे कि सेलेक्टर्स बैठेंगे और उन्हें चुनेंगे. यही सोचकर अपनी तैयारियों को अंजाम भी दे रहे थे. लेकिन, 24 मई को जब टीम का ऐलान हुआ तो सरफराज का नाम उसमें नहीं आया .**सरफराज का टेस्ट डेब्यू रहा था धमाकेदारः** पिछले साल ही इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में सरफराज खान का टेस्ट डेब्यू हुआ था, जहां पहली 5 पारियों में से 3 में उन्होंने अर्धशतक जड़ा था. सरफराज के बल्ले का जोर टेस्ट क्रिकेट में यहीं नहीं थमा, इसके बाद उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भी खेलने का मौका मिला, और कीवियों के खिलाफ भी शतक जड़ते हुए वो 150 रन की बड़ी पारी खेलने में कामयाब रहे. ऐसे प्रदर्शन के बाद किसी भी खिलाड़ी को टीमें और मौके देना चाहती है.

**ऑस्ट्रेलिया जाने का मौका तो मिला मगरः** घरेलू पिच पर इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली कामयाबी ने सरफराज को ऑस्ट्रेलिया जाने का मौका दिया. ये मौका मिला तो सभी को लगने लगा कि अब गाड़ी चल पड़ी. ऐसा लगना लाजमी भी था क्योंकि सरफराज ने कुछ गलत नहीं किया था. लेकिन, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने के बाद सबकुछ वैसा नजर नहीं आया, जैसा देखने की तमन्ना थी. पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सरफराज अपनी बारी के इंतजार में पूरी सीरीज बेंच पर ही बैठे रह गए. मतलब, टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया दौरा खत्म हो गया, मगर सरफराज खान को किसी भी मैच में खेलने का मौका ही नहीं मिला. वो बिना खेले ही वापस लौट आए.

## टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद 'तीर्थ यात्रा' पर विराट-अनुष्का, बांके बिहारी के बाद राम लला के किए दर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा और क्रिकेटर विराट कोहली इन दिनों आध्यात्मिकता की राह पर चलते नजर आ रहे हैं। रविवार को यह स्टार जोड़ी अयोध्या पहुंची, जहां उन्होंने पवित्र हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन किए। सोशल मीडिया पर उनके मंदिर दर्शन के वीडियो और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिनमें दोनों भक्ति में लीन दिखाई दे रहे हैं।

### हनुमान गढ़ी में विराट-अनुष्का

वायरल वीडियो में अनुष्का शर्मा गुलाबी रंग के परिधान में सिर पर पल्लू लिए भगवान हनुमान जी के सामने प्रार्थना करती दिख रही हैं। वहीं, विराट कोहली सफेद रंग के कुर्ते में मंदिर के शांत वातावरण में भक्ति में डूबे नजर आए। दोनों की सादगी और श्रद्धा ने फैंस का दिल जीत लिया।



वृंदावन से अयोध्या तक का आध्यात्मिक सफर

यह पहली बार नहीं है जब अनुष्का और विराट को आध्यात्मिक स्थानों पर देखा गया है। हाल ही में दोनों वृंदावन में श्री प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे थे।

वहां महाराज के साथ उनकी बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रहा। इस दौरान अनुष्का भावुक हो गई थीं और उनकी आंखों में आंसू साफ नजर आए। दोनों को भगवान का नाम जपते और ध्यान में डूबे हुए देखा गया था।

### विराट का क्रिकेट से संन्यास

विराट कोहली ने हाल ही में 12 मई को एक भावुक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने अपने 14 साल के टेस्ट करियर को याद करते हुए कहा कि इस प्रारूप ने उन्हें जिंदगी के कई सबक सिखाए। इससे पहले विराट टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से भी संन्यास ले चुके हैं।

हालांकि, वह अभी भी आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए खेल रहे हैं। उनकी टीम आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, और फैंस को उम्मीद है कि विराट इस बार अपनी टीम को पहला खिताब जिता सकते हैं।

### प्रीमियर लीगः

## लिवरपूल के मो सालाह को प्लेयर ऑफ द सीजन चुना गया



**लिवरपूल, एजेंसी।** मोहम्मद सालाह को 2024/25 प्रीमियर लीग का प्लेयर ऑफ द सीजन चुना गया है, क्योंकि उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत लिवरपूल ने लीग का खिताब जीता है। लिवरपूल के इस फॉरवर्ड ने अपने करियर में दूसरी बार यह पुरस्कार जीता है, इससे पहले उन्होंने 2017-18 में क्लब के साथ अपने सनसनीखेज डेब्यू अभियान के अंत में यह पुरस्कार जीता था। सालाह ने इस सत्र में रेड्स की खिताबी जीत में मदद करने के लिए अब तक के सबसे बेहतरीन व्यक्तिगत प्रीमियर लीग सत्रों में से एक का प्रदर्शन किया है, जिसे अप्रैल में चार मैच शेष रहते हासिल किया गया था। उन्होंने रविवार को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाले अंतिम मुकाबले से पहले आर्ने स्लॉट की टीम के लिए शीर्ष पर पहुंचने में 28 गोल किये हैं और 18 असिस्ट किए हैं।

मिस्र के इस खिलाड़ी ने इन आंकड़ों के दम पर डिवीजन के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी और क्रिएटर के रूप में शीर्ष स्थान हासिल किया है। 46 गोलों की भागीदारी के साथ उन्होंने 38 मैचों के सीजन में सबसे ज्यादा गोल और असिस्ट का रिकॉर्ड बनाया है, सालाह ओवरऑल प्रीमियर लीग रिकॉर्ड से सिर्फ एक पीछे हैं, जो एलन शियरर और एंड्रयू कोल के नाम है, दोनों ने 42 मैचों के अभियान में 47 गोल किए हैं। 32 की उम्र में, सालाह लगातार रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। इस सीजन में वे 244 गोल के साथ लिवरपूल के ऑल-टाइम स्कोरर की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### टेनिसः

## जोकोविच ने करियर का 100वां खिताब जीता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोवाक जोकोविच ने ओपन एरा में 100वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर और जिमी कोनर्स की बराबरी कर ली है। रोजर फेडरर 103 खिताब के साथ दूसरे और जिमी कोनर्स 109 खिताब के साथ सबसे ज्यादा अक्खिताब जीतने वालों में टॉप पर हैं। जोकोविच ने जिनेवा ओपन के फाइनल में टूर्नामेंट के छठे सीड ह्यूबर्ट हुरकाज को 5-7, 7-6, 7-6 से हराया। शुरुआत में जोकोविच एक सेट से पिछड़ गए और उसके बाद उन्होंने वापसी की और अंत में खिताब अपने नाम किया। टेनिस में 1968 में ओपन एरा की शुरुआत हुई जब सभी खिलाड़ियों (एमेच्योर और प्रोफेशनल) को चारों ग्रैंड स्लैम में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई। इसे ओपन एरा कहा जाता है।

**20 अलग-अलग सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने**

जोकोविच ने इस खिताब के साथ 20 अलग-अलग सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं इसमें ओलिंपिक गोल्ड मेडल भी शामिल है।

### मोटर स्पोर्ट्सः

## कुश मैनी ने रचा इतिहास, फॉर्मूला 2 रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने

**मोंटे कार्लो, एजेंसी।** कुश मैनी ने सर्किट डी मोनाको में पोल पोजीशन हासिल करते हुए डैम्स लुकास ऑयल के लिए मोंटे कार्लो स्प्रिंट रेस में जीतकर इतिहास रच दिया। भारतीय ड्राइवर ने अल्पाइन




अकादमी के प्रतिभाशाली साथी गैब्रिएल मिनी को पीछे छोड़ा, जो प्रेमा रेसिंग के लिए दूसरे स्थान पर रहे और इस प्रतिष्ठित स्थल पर रेस जीतने वाले पहले भारतीय ड्राइवर बने। पीवी और मोनाको में जीतने वाले पहले भारतीय बनने पर मैनी ने, यह बहुत बड़ा सम्मान और सपना सच होने जैसा है।

मैं डैम्स और मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद कहना चाहता हूं। हम विश्वास करते रहेंगे! मैनी ने सही शुरुआत की, लेकिन ल्यूक ब्राउनिंग टर्न 1 तक पहले स्थान से पांचवें स्थान पर गिर पड़े। उनके खराब गेटवेट के कारण गैब्रिएल मिनी उपर पीडब्ल्यू स्थान पर आ गए। मिराब्यू में, लिंडब्लैड ने तीसरे स्थान के लिए जैक क्रॉफोर्ड को पास देने का प्रयास किया, लेकिन दोनों के बीच संपर्क ने ब्राउनिंग को चौथे स्थान पर वापस जाने और अमेरिकी से आगे निकलने की अनुमति दी। कैम्पोस ड्राइवर तीसरे स्थान पर उलझन से बाहर आया, लेकिन टक्कर के कारण उसे 10 सेकंड की समय पनेल्टी दी गई। डीआरएस के कारण, मिनी रेस लीडर के पीछे थी, शुरुआती 10 लैप में अंतर 0.3 सेकंड का था, जबकि यह जोड़ी तीसरे स्थान पर मौजूद लिंडब्लैड से 8 सेकंड आगे थी। लैप 12 पर अंतर को बेअसर कर दिया गया जब जोशुआ डुएरकेन की एआईएक्स रेसिंग कार को ठीक करने के लिए सेफ्टी कार को तैनात किया गया।

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 27 मई 2025



## नवग्रह शनि मंदिर में शनिदेव जन्मोत्सव का आयोजन आज

**रायपुर (आरएनएस)।** नवग्रह शनिदेव मंदिर में शनिदेव महोउत्सव का आयोजन 27 मई को श्री शनि शिंगणापुर से लाए गए विशेष पूजित श्री चरण से नमन के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। शनिदेव मंदिर एसएमसी हास्पिटल के सामने विधानसभा रोड शंकरनगर में स्थित है। सुबह मंगल आरती 7:30 बजे हवन सुबह 9 बजे विशेष पुष्प श्रृंगार, तेल अभिषेक दिनभर, प्रसादी भंडारा दोपहर 12 बजे एवं महाआरती का आयोजन शाम 7:30 बजे होगा। भगवान के श्रृंगार के लिए विशेष वस्त्र राजकोट गुजरात से बनवाये गए है।

## संक्षिप्त समाचार

### निधि आपके निकट 2.0 : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा आज प्रदेश के सभी 25 जिलों में कैम्प का आयोजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा माह मई 2025 में दिनांक 27.05.2025 को निधि आपके निकट 2.0 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 25 जिलों में क्रमश: जनपद पंचायत बालोद, कलेक्टोरेट परिसर श्रम कार्यालय बलोदा बाज़ार, जिला पंचायत बलरामपुर, जनपद पंचायत बेमेतरा, ई.एस.आई.सी.ब्रांच ऑफिस बिलासपुर, जिला पंचायत धमतरी, ई.एस.आई.सी. ब्रांच ऑफिस राधिका नगर भिलाई भिलाई-दुर्ग, जनपद पंचायत मरवाही गोरेला-पेंड्रा-मरवाही, कलेक्टोरेट ऑफिस जांजगीर जांजगीर-चाम्पा, जिला पंचायत जशपुर, जिला पंचायत कबीरधाम (कवर्धा), जनपद पंचायत खैरागढ़ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, श्रम कार्यालय कोरबा, नगर पालिका परिषद् बैकुंठपुर, जिला पंचायत महासमुंद, विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल वार्ड न.-15 मनेन्द्रगढ़, जनपद पंचायत मोहला मोहला-मानपुर-चौकी, कलेक्टोरेट कैंपस कमरा नंबर 252 मुंगेली, ई.एस.आई.सी. कार्यालय रायगढ़, ई.एस.आई.सी. ब्रांच ऑफिस चौबे कॉलोनी रायपुर, ई.एस.आई.सी. कार्यालय राजनांदगांव, जनपद पंचायत सारंगढ़, श्रम कार्यलय अंबिकापुर, नगर पालिका परिषद् गुरपत रोड सक्ती, जनपद पंचायत रामानुजनगर सूरजपुर स्थानों पर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। अत: समस्त नियोक्ताओं/ अंशधारकों/ पेंशनरों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं/ शिकायतों के निराकरण हेतु उक्त स्थानों पर जिला नोडल अधिकारी से संपर्क करें।

### अंबेडकर अस्पताल में पत्रकारों से मारपीट, बाउंसर एजेंसी का संचालक पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में रविवार देर रात उस वक्त हंगामा मच गया जब एक न्यूज चैनल की टीम चाकूबाजी




की घटना में घायल व्यक्ति की रिपोर्टिंग करने पहुंची। रिपोर्टर्स को रिपोर्टिंग से रोकने के लिए तैनात बाउंसरों ने मारपीट शुरू कर दी। हाथापाई की सूचना मिलते ही रायपुर के अन्य पत्रकार और प्रेस क्लब के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन हालात और बिगड़ गए। बाउंसरों ने पुलिस की मौजूदगी में सभी पत्रकारों के साथ धक्का-मुक्की की। इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बाउंसर एजेंसी के संचालक वसीम बाबू और उसके दो बाउंसर साथियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, वसीम बाबू अस्पताल पिस्तौल लेकर पहुंचा था और पत्रकारों को खुलेआम धमका रहा था। महिला सुरक्षा कर्मियों को भी अस्पताल के गेट से बाहर निकालकर पत्रकारों की ओर धकेला गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौदहापारा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। वहीं, वसीम बाबू के घर से पिस्तौल और गोलियां भी बरामद की गई हैं।

## खरीफ के लिए राज्य में खाद-बीज का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : मंत्री राम विचार नेताम

### राज्य में किसान तेजी से कर रहे हैं खाद एवं बीज का उठाव ● कृषि मंत्री ने 28 नवीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

#### कृषि विभाग के योजनाओं के क्रियान्वयन में आएगी तेजी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने आज छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम परिसर, तेलीबांधा रायपुर में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में राज्य के 28 जिलों को नवीन बोलेरो वाहन की सौगात देने की साथ ही उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन नवीन वाहनों का उपयोग विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं का फील्ड में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही किसान हितैषी कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर संचालक कृषि श्री राहुल देव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में कई योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसका लाभ किसानों को मिले इसके लिए किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनको इसका लाभ उठाने के लिए जागरूक किए जाने का काम विशेष रूप से किया जाएगा। किसान जागरूकता शिविरों में इस वाहन के माध्यम से विशेषज्ञ अधिकारियों की टीम गांव-गांव पहुंचेगी और किसानों को उन्नत तकनीक और आधुनिक खेती की जानकारी देगी। जिलों को वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित होने से विभागीय कामकाज में तेजी आएगी।

मंत्री श्री नेताम ने इस मौके पर मौजूद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि खरीफ सीजन 2025 के लिए कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की जा रही है। खरीफ के लिए खाद-बीज का पर्याप्त भण्डारण कराए जाने के साथ ही किसानों को इसका तेजी से वितरण भी किया जा रहा है। मंत्री श्री नेताम ने बताया कि खरीफ सीजन 2025 के लिए रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य 14 लाख 62 हजार मेट्रिक टन है, जिसके विरूद्ध अब तक 8 लाख 48 हजार 604 मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण तथा एक लाख 68 हजार 255 मेट्रिक टन का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो कि भण्डारण की मात्रा का 20 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि उर्वरक कंपनियों से विभिन्न प्रकार की खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा सतत् संपर्क एवं समन्वय किया जा रहा है, ताकि राज्य की डिमांड अनुरूप उर्वरकों की रैक निर्धारित सेड्यूल के अनुरूप उपलब्ध हो सके।

मंत्री श्री नेताम ने बताया कि राज्य में मार्कफेड के डबल लॉक, सहकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर वर्तमान में कुल 3 लाख 90 हजार 840 मेट्रिक टन यूरिया, 86, 046 मेट्रिक टन डीएपी, 1, 14, 539 मेट्रिक टन एनपीके, 67, 640 मेट्रिक टन पोटाश तथा 1, 89, 539 मेट्रिक टन सुपर फॉस्फेट उपलब्ध है। किसानों को समितियों और निजी क्षेत्रों के माध्यम से खाद का वितरण लगातार किया जा रहा है। अब तक किसानों को 84, 661 मेट्रिक टन यूरिया, 27, 045 मेट्रिक टन डीएपी, 18, 809 मेट्रिक टन एनपीके, 10, 359 मेट्रिक टन पोटाश तथा 27, 381 मेट्रिक टन सुपर फॉस्फेट का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में विभिन्न प्रकार की 6, 80, 350 मेट्रिक टन रासायनिक खाद राज्य में किसानों के वितरण हेतु उपलब्ध है।

## शंकर नगर मंडल में पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जी पर परिचर्चा कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

#### प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने लोकमाता के जीवन एवं उपलब्धि को विस्तार से समझाया




**रायपुर (विश्व परिवार)।** भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर के निर्देशानुसार भाजपा मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति के नेतृत्व में आज शंकर नगर मंडल अंतर्गत शंकर नगर वार्ड के गुरुकुलम सन साइन स्कूल में पुण्य श्लोक रानी अहिल्या बाई होलकर जी की 300 वीं जयंती पर परिचर्चा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी पर कविता सुनाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रदेश प्रवक्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता संदीप शर्मा ने राजमाता की जीवनी बताते हुए सम्पूर्ण जीवनकाल की जानकारी दी इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा मंत्री किशोर महानंद, निशक्तजन आयोग के अध्यक्ष श्री लोकेश कावड़िया जी द्वारा भी राजमाता पर विषय रखा गया। आयोजन को सफल बनाने हेतु गुरुकुलम सन शाइन स्कूल की प्राचार्या ईशा अग्रवाल एवं स्कूल व्यवस्थापक कार्तिक पांडेय जी शिक्षिकागण वाशन्ति शाइना, विटा, रुखसार, हर्षिता, विक्टोरिया, श्वेता का विशेष सहयोग मिला।

उक्त कार्यक्रम में मंडल महामंत्री सुधीर चौबे, पार्षद कैलाश बेहरा, पार्षद राजेश गुप्ता, संजय कश्यप, अनूप खेलकर, अग्रवाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मीना सेन, गायत्री चन्द्राकर, अनूप वर्मा, लता जगत, डोमेन वर्मा, नरेंद्र निर्मलकर, गणेश निर्मलकर, सूरज यादव जी, वीरमणि चौबे, चंद्रप्रकाश प्रजापति, रामदास मानिकपुरी, दिलीप धनकर, राम तांडी, शम्भू लौवंसी, भरत बया, जय डे, आशु अग्रवाल बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ के पामेड़ में खुली ग्रामीण बैंक की शाखा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया वर्चुअल शुभारंभ

#### माओवाद से मुक्ति की जमीन पर रखी जा रही है विकास की मजबूत नींव : मुख्यमंत्री



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिस पामेड़ को कभी माओवादियों की बटालियन नंबर-1 का गढ़ माना जाता था, आज वहां बैंक खुल रहे हैं, कन्या आश्रम बन रहे हैं और लोग खुले मन से सुशासन शिविरों में भाग ले रहे हैं। यह बदला हुआ बस्तर है- आत्मविश्वास, विकास और लोकतंत्र का प्रतीक। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बीजापुर जिले के सुदूरवर्ती और पूर्व में माओवादी प्रभाव से ग्रस्त रहे पामेड़ क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की शाखा का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने इसे विकास और विश्वास की नई सुबह बताते हुए कहा कि अब ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के लिए 100 किलोमीटर दूर आवापल्ली नहीं जाना पड़ेगा। यह पहल सरकार के सुशासन और समावेशी विकास के विजन को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस बैंक शाखा से पामेड़ और आसपास के 50 गांवों को सीधे लाभ मिलेगा, जहां अब खाता खोलने, पैसा निकालने और महतारी वंदन योजना जैसी योजनाओं की राशि लेने में सुविधा होगी। उन्होंने विशेष रूप से माताओं-बहनों को आश्वस्त किया कि अब उन्हें योजना की राशि के लिए लंबी यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पामेड़ में 50-सीटर आदिवासी कन्या आश्रम का भी लोकार्पण किया, जिसकी लागत 1.62 करोड़ रुपये है।

## श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अशोका रत्न शंकर नगर में प्रथम बार मूलनायक भगवान शान्तिनाथ जी का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक हर्षोल्लास से मनाया गया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** शंकर नगर मे अशोका रत्न परिसर मे नव निर्मित 1008 श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे दिनांक 26 मई 2025 सोमवार ज्येष्ठ कृष्ण चतुर्दशी के पावन अवसर पर मूलनायक भगवान श्री शान्तिनाथ जी का जन्म, तप तथा मोक्ष कल्याणक बड़े ही धार्मिक आयोजनों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रात: 6.15 बजे मूलनायक 1008 श्री शान्तिनाथ जी, श्री नेमीनाथ जी, श्री पार्श्वनाथ जी की पाषाण की मनोहारी मूरत एवं अष्ट धातु से निर्मित भगवान श्री आदिनाथ जी, श्री अजीतनाथ जी, श्री शान्तिनाथ जी, श्री महावीर भगवान जी का प्रक्षाल श्री विद्वान् भैयालालजी जैन, अरविन्द पहाड़िया, आनंद जैन द्वारा किया गया।

मूलनायक भगवान का प्रथम मस्तकाभिषेक का सौभाग्य श्री सुमित पांड्या एवं श्रीमती मिली पांड्या के परिवार को प्राप्त हुआ, शांतिधारा का सौभाग्य ब्रह्मचारी आदरणीय सुनील भैया जी राज जी परिवार, श्री भैयालाल जी, पारस जी, स्वतंत्र जी, के परिवार, एवं श्री प्रकाश जी, संजयजी, संदीपजी, अमितजी, राजनांदगाव परिवार को प्राप्त हुआ, आज भगवान के निर्वाण महोत्सव पर अति सुन्दर निर्वाण लाडू चढ़ाने का अवसर श्री राकेश जी लुहाड़िया, श्री प्रदीप जी, प्रियेश जी, प्रसंग जी विश्व परिवार एवं सुरेश जी, शैलेश जी ओजस पाटनी कोलकाता वालो को प्राप्त हुआ शांतिधारा का पठन शैली अमित जैन ने किया, शान्तिनाथ भगवान एवं पंच परमेष्ठी भगवान की आरती की गयी, नित्य नियम की पूजा, चौबीसों भगवान, संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर जी, समय सागर जी, विशुद्ध सागर जी सहित सभी मुनिसंघ को अर्घ समर्पित किया गया विशेष रूप से आज मूलनायक भगवान शान्तिनाथ जी के तीन कल्याणक का पावन दिवस होने से विश्व मे सभी प्राणिमात्र के जीवन मे शांति हो सुख समृद्धि हो इस हेतु शांतिविधान का आयोजन किया गया, सुन्दर शांतिविधान के मण्डल की रचना श्री विवेक जैन मोदी द्वारा की गयी, शांतिविधान मे बीजाक्षरों के आहुतियों के साथ अर्घ समर्पित किया गया।

आज भगवान के तीन कल्याणक के पावन अवसर पर प्रमुख रूप से श्री मनीष जैन, उपेंद्र जी अविनाश जी परिवार चिरमिरी, सुरेश मोदी जी, सुजीत जैन जी, डॉक्टर अमित जैन जी, अभय पहाड़िया, इंजीनियर सुरेन्द्र जैन जी, संतोष जैन जी, पुष्पेंद्र जी, विजय कस्तूरे जी, सुधांशु जैन जी, स्नेह जैन जी निखिल जैन जी, अनुराग काला जी, निक्की जैन जी, सभी सपरिवार इंद्र, इन्द्राणी के रूप मे भगवान की आराधना की।

## मानसून के लिए बनी अनुकूल परिस्थितियां, गजह चमक के साथ होगी वर्षा

**रायपुर (आरएनएस)।** मौसम विभाग के अनुसार पिछले 16 वर्ष में पहली बार मानसून भारत में दस्तक दे रहा है। केरल में मानसून स्थापित होने के पश्चात अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है, जिसके कारण बस्तर से होकर मानसून छत्तीसगढ़ में अगले महीने के प्रथम सप्ताह में प्रवेश कर जाएगा।

मौसम विभाग के अनुसार 13 जून के आसपास रायपुर में मानसून आने की संभावना है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि खाड़ी में कम बदाव क्षेत्र बनने के पश्चात यह संभव है। इधर से मानसून के शीघ्र आने पर किसान बीज और खाद का संग्रहण कर रहे है, इस समय यूरिया और पोटास की कमी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक चंद्रा के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है।

## रायपुर जिले में छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एशोसिएशन की जिला इकाई का गठन, पदाधिकारियों की घोषणा







**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर के कर्मचारी भवन, गौरव पथ में छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एशोसिएशन की एक महत्वपूर्ण व व्यापक सामान्य बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता एशोसिएशन के महामंत्री श्री उमेश मुदलियार ने की। बैठक में रायपुर जिले के सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

बैठक का प्रमुख उद्देश्य रायपुर जिले में संगठन की एक प्रभावशाली जिला इकाई का गठन करना था, ताकि जिले स्तर पर पेंशनर्स की समस्याओं, हितों और कल्याणकारी योजनाओं को संगठित रूप से आगे बढ़ाया जा सके। बैठक में सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से रायपुर जिला इकाई के गठन की घोषणा की गई तथा निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन किया गया।

संरक्षक-श्री विजय झा - सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी, जिन्होंने वर्षों तक प्रशासनिक सेवाओं में योगदान दिया है।

अध्यक्ष-श्री आयुष्मान पंकज नायक-सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व वरिष्ठ अधिकारी, जो संगठन के क्रियाकलापों में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

सचिव-श्री बेनीराम गायकवाड़-अनुशासनप्रिय, समर्पित एवं संगठन के प्रति निष्ठावान व्यक्तित्व।

कोषाध्यक्ष-श्री बी. पी. कुरील-वित्तीय मामलों में दक्षता रखने वाले अनुभवी सदस्य।

विधि सलाहकार-श्री एन. के. मित्रा-कानूनी सलाह और संगठन से संबंधित विधिक मुद्दों के विशेषज्ञ।

सलाहकार मंडल-श्री एस. एस. देवांगन-प्रशासनिक अनुभव से परिपूर्ण। श्री राकेश त्रिवेदी-सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रखने वाले सम्मानित सदस्य।

महामंत्री-श्री यशवंत भोसले-संगठनात्मक विकास और नीति निर्माण में विशेष योगदान देने वाले वरिष्ठ सदस्य।

महिला प्रकोष्ठ प्रभारी-श्रीमती उषा सोनी-महिला सदस्यों के हितों की आवाज़। श्रीमती सविता अदक-महिला जागरूकता एवं सहभागिता में सक्रिय भूमिका निभाएंगी।

बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं जैसे महंगाई राहत, चिकित्सा सुविधाएं, पेंशन में विसंगतियाँ एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई1 संगठन ने यह संकल्प लिया कि पेंशनर्स के अधिकारों की रक्षा और सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

संगठन के नवगठित पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने वक्तव्यों में संगठन को मजबूती देने, एकता बनाए रखने एवं पेंशनर्स के हितों की रक्षा हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की।

श्री सी एल दुबे, सुरेश ठाकुर, विश्वनाथ ध्रुव, वाई आर सोनी एके खत्री, एल गोरे, दयानन्द मुदलीयार, दिलीप वर्मा, महेश सिह ठाकुर, असलम खान, केदार प्रसाद अग्रवाल, जी एल निर्मलकर, के एन शर्मा, एम आर चंद्राकर मानक लाल पांडे मजीद खान भारती आदी पदाधिकारी उपस्थित थे। यह जानकारी एशोसिएशन के नव-निर्वाचित सचिव श्री बेनीराम गायकवाड़ द्वारा दी गई।

## 6वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारतीय रेलवे महिला टीम की शानदार सफलता

#### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की खिलाड़ियों की भागीदारी से भारतीय रेलवे की टीम ने जीता स्वर्ण पदक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** गोरखपुर में 23 से 26 मई 2025 तक आयोजित 36वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल चैंपियनशिप में इंडियन रेलवे की महिला टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। फाइनल मुकाबले में रेलवे टीम ने उत्तर प्रदेश को रोमांचक संघर्ष में 16-14 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।

भारतीय रेलवे की इस स्वर्ण पदक विजेता टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों (1) निकी-टेकनीशियन-III, मेकेनिकल विभाग, दुर्ग, (2) सुरक्षा-टेकनीशियन-III, मेकेनिकल विभाग, रायपुर (3) गौरव-टेकनीशियन-III, मेकेनिकल विभाग, रायपुर (4) काजल-टेकनीशियन-III, मेकेनिकल विभाग, रायपुर (5) मीनू-टेकनीशियन-III, इलेक्ट्रिकल विभाग, रायपुर (6) पंकज सांगवान-टेकनीशियन-III, मेकेनिकल विभाग, दुर्ग की भागीदारी रही। खास तौर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की खिलाड़ी निकी ने इस प्रतियोगिता में अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 5 गोल किए और 'बेस्ट प्लेयर' का सम्मान प्राप्त किया।


## 20वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की प्रथम बैठक बिलासपुर रेलवे मुख्यालय में हुई सम्पन्न



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** 20वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर की प्रथम बैठक आज दिनांक 26 मई' 2025 को महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, श्री तरुण प्रकाश की अध्यक्षता में सौहार्दपूर्ण एवं सहयोगात्मक वातावरण में संपन्न हुई। इस बैठक में दो सांसदो सहित क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के 19 सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सदस्यों के अतिरिक्त दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक के प्रारम्भ में सदस्यों का स्वागत करते हुए उप महाप्रबंधक (सा.) एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ज़ेडआरयूसीसी) के सचिव श्री समीर कांत माथुर ने इस बैठक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की समस्त उपलब्धियों में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से आप सभी सदस्यों के सुझाव एवं सहयोग समाहित है।

बैठक में तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अध्यक्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ज़ेडआरयूसीसी) ने अपने उद्बबोधन में माननीय सदस्यों का इस बैठक में स्वागत करते हुए यात्री सुविधाओं के विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यो एवं जोन की उपलब्धिओं से माननीय सदस्यों को अवगत कराया। उन्होनें कहा कि यात्रियों की सुविधा और उनकी अपेक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे लगातार यात्री सुविधाओं के विकास कार्य कर रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग का पूनर्विकास तथा 47 स्टेशनों का उन्नयन किया जा रहा है। महाप्रबंधक ने सभी माननीय सदस्यों के साथ विचार विमर्श करते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सुरक्षित रेल परिचालन के लिए सभी रेलकर्मी निरंतर अथक प्रयास कर रहे हैं। यात्री सुविधाओं एवं सेवाओं में निरंतर विकास हम सब का उद्देश्य है। उन्होने सदस्यों के सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354